

डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

# झुग्गी झोपड़ी

प्रयागराज से प्रकाशित. हम बनेंगे आपकी आवाज हिन्दी दैनिक

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,बुद्धवार.23 नवंबर,2022 वर्ष–07 / अंक–193 प्रष्ठ–08 / मूल्य–2 रूपये

## पीएम मोदी ने रोजगार मेले में 71 हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र बांटे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रोजगार मेलाश कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने रोजगार मेले में सभी नए नियुक्तियों के लिए कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल – ऑनलाइन ओरिएंटेशन कोर्स लॉन्च किया। प्रधानमंत्री मोदी ने रोजगार मेले में 71,056 नियुक्ति पत्र बांटे। केंद्र सरकार का प्रयास है कि विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में खाली पड़े पदों को मिशन मोड में डेढ़ साल के अंदर भर दिया जाए। रोजगार मेले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने अपना संबोधन भी दिया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि देश के युवाओं को रोजगार मेले के माध्यम से नियुक्ति पत्र देने का ये अभियान ऐसे ही अनवरत जारी रहेगा। भारत जैसे युवा देश में हमारे करोड़ों नौजवान इस राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। अपने युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा, राष्ट्र निर्माण में ज्यादा से ज्यादा उपयोग में आए, इसे केंद्र सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।सरकारी नौकरी देने के लिए मिशन मोड में काम कर रही केंद्र सरकाररू पीएम मोदी पीएम मोदी ने कहा कि आज का ये विशाल रोजगार मेला दिखाता है कि सरकार किस तरह सरकारी नौकरी देने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। भारत आज सर्विस निर्यात के मामले में विश्व की एक बड़ी शक्ति बन गया है। अब एक्सपर्ट भरोसा जता रहे हैं कि भारत विश्व का मैन्युफैक्चरिंग पावर हाउस भी बनेगा। देश की युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण में काम आएरू पीएम मोदी पीएम मोदी ने कहा कि देश की युवा शक्ति अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्र निर्माण में काम आए ये हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जानकार बता रहे हैं कि भारत के पास अपनी क्षमता दिखाने का स्वर्णिम मौका है और ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि भारत उत्पादन के क्षेत्र में भी अव्वल बनने जा रहा है।सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र में नौकरियों की अपार संभावनाएंरू पीएम मोदी पीएम मोदी ने कहा कि सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र में नौकरियों की अपार संभावनाएं बन रही हैं और ये मौके युवाओं के अपने ही गांव और शहर में बन रहे हैं। हमारे 80 हजार से अधिक स्टार्ट–अप युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दे रहे हैं।व्यापार के इच्छुक लोगों को मुद्रा लोन से बड़ी मदद मिल रही पीएम मोदी ने कहा कि आज जो अपना व्यापार करना चाहते हैं उन्हें मुद्रा लोन से बड़ी मदद मिल रही है और अब तक 35 करोड़ से अधिक लोन दिए जा चुके हैं।दीपावली पर भी बांटे गए थे नियुक्तिपत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जून में केंद्र के सभी मंत्रालयों और विभागों को इस दिशा में काम करने का निर्देश दिया था। दीपावली पर आयोजित हुए रोजगार मेले में देशभर से चयनित युवाओं को नियुक्त पत्र दिया गया था। इनमें समूह–ए, समूह–बी (राजपत्रित), समूह–बी (अराजपत्रित) और समूह–सी की नियुक्तियों के साथ ही केंद्रीय सशस्त्र बल, उपनिरीक्षक, कांस्टेबल, कनिष्ठ लिपिक (एलडीसी), स्टेनो, पीए, आयकर निरीक्षक, रेलवे एमटीएस जैसे पद शामिल थे।



## पंचायत चुनाव में जीत–हार के क्या होंगे मायने

### क्यों कहा जा रहा सत्ता का सेमीफाइनल



हरियाणा के चार जिलों में ब्लॉक समिति की 559 और जिला परिषद के 78 वार्डों की सीटों पर आज आखिरी चरण का मतदान हो रहा है। इसके पहले दो चरण में चुनाव हो चुके हैं। इस चुनाव में प्रदेश की कुल 22 परिषदों में 411 सदस्यों और 143 ब्लाक समितियों में 3,081 सदस्यों, 6,220 पंचायतों में 61 हजार 993 पंचों और 6,220 सरपंचों का चुनाव होगा। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि इस पंचायत चुनाव के क्या मायने हैं? इसे हरियाणा की सत्ता का सेमीफाइनल क्यों कहा जा रहा है? आइए समझते हैं. ..पहले पंचायत चुनाव के बारे में जान लीजिएहरियाणा में तीन चरणों में पंचायत चुनाव हो रहे हैं। पहले और दूसरे चरण की वोटिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। आज तीसरे चरण की वोटिंग चल रही है। पहले चरण का मतदान 30 अक्तूबर को हुआ। तब नौ जिलों में मतदान हुआ था। दूसरे चरण का मतदान नौ नवंबर को हुआ। उस दिन भी नौ जिलों में मतदान हुआ था। आज तीसरे चरण में चार जिलों में मतदान की प्रक्रिया जारी है।इनमें फरीदाबाद, पलवल, हिसार और फतेहाबाद शामिल हैं। फरीदाबाद में जिला परिषद की 10, फतेहाबाद में 18, हिसार में 30 और पलवल में 20 सीटों के लिए चुनाव हो रहा है। इन सीटों पर 581 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 250 महिलाएं और 331 पुरुष शामिल हैं। वहीं ब्लॉक समिति की सीटों पर 2,208 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 963 महिलाएं और 1,245 पुरुष हैं। आज हो रहे चुनाव के साथ मतदान प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। सभी जिलों का परिणाम 27 नवंबर को घोषित होगा।जीत–हार के क्या होंगे मायने? इसे समझने के लिए हमने राजनीतिक विश्लेषक डॉ. अजय कुमार सिंह से बात की। उन्होंने कहा, श्2020 में केंद्र सरकार के कृषि कानून के खिलाफ हुए आंदोलन का असर जिन राज्यों में सबसे ज्यादा दिखा था उनमें हरियाणा भी शामिल था। आंदोलन के बाद राज्य में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर चुनाव हो रहे हैं। किसान आंदोलन का ज्यादा असर ग्रामीण इलाकों में था। ऐसे में इस पंचायत चुनाव से ये भी साफ होगा कि क्या राज्य में इसका असर अभी भी है। हालांकि, उत्तर प्रदेश

## संक्षिप्त सार

### आप की एंट्री से सूरत में दिलचस्प हुई जंग

इन दिनों पूरे देश की नजर गुजरात विधानसभा चुनाव पर टिकी हुई हैं। पीएम मोदी का गृह राज्य होने के कारण यहां का हर चुनाव अहम होता है। भले ही पीएम मोदी चुनावी मैदान में नहीं हैं, लेकिन बैनर–पोस्टर से लेकर हार्डिंग तक में मोदी की छवि ही नजर आ रही है। लेकिन डायमंड सिटी सूरत में चुनावी माहौल शांत नजर आ रहा है। 2017 के चुनाव में यहां सीधी लड़ाई कांग्रेस और भाजपा के बीच थी, लेकिन आम आदमी पार्टी की एंट्री ने इस बार मुकाबला त्रिकोणीय कर दिया है।

## अखिलेश–शिवपाल की इन तस्वीरों ने मैनपुरी उपचुनाव में बढ़ाई हलचल समझें ताजा सियासी समीकरण




समाजवादी पार्टी के लिए मैनपुरी लोकसभा का उपचुनाव प्रतिष्ठा का सवाल बन चुका है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव इस सीट पर जीत दर्ज करने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। वहीं, भाजपा भी सपा की इस परंपरागत सीट को छीनने के लिए दम लगा रही है।

समाजवादी पार्टी की तरफ से अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव प्रत्याशी हैं, वहीं भाजपा ने एक समय शिवपाल सिंह यादव के करीबी रहे रघुराज सिंह शाक्य को टिकट दिया है। रघुराज शाक्य सपा के टिकट पर सांसद और विधायक रह चुके हैं।

इस बीच कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहीं हैं। ये तस्वीरें सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव की हैं। ये खास इसलिए है क्योंकि पिछले पांच साल से दोनों के बीच काफी मतभेद रहे हैं। शिवपाल ने सपा छोड़कर अपनी नई पार्टी तक का गठन कर लिया। 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले दोनों साथ तो आए लेकिन, दूरियां कम नहीं हुईं।

अब मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद अखिलेश और शिवपाल के बीच बढ़ती नजदीकियां चर्चा का विषय बन चकी हैं। सवाल उठ रहा है कि क्या दोनों के बीच सारे



गिले–शिकवे दूर हो चुके हैं? क्या अब पूरी तरह से शिवपाल की सपा में वापसी होगी? इन सब सवालों के जवाब देते हुए हम उन तस्वीरों को भी दिखाएंगे, जिन्होंने सियासी गलियारे में हलचल बढ़ा दी है।

मैनपुरी उपचुनाव से ठीक पहले अखिलेश ने ये तस्वीर शेयर की थी। इसके जरिए उन्होंने परिवार में सबकुछ ठीक क्या शिवपाल और अखिलेश की दूरियां खत्म हो चुकी हैं?

इसे समझने के लिए हमने वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद कुमार सिंह से बात की। उन्होंने कहा, श्मैनपुरी का उपचुनाव यादव परिवार के लिए प्रतिष्ठा की बात है। 1989 से ये सीट मुलायम सिंह यादव और उनके करीबियों के पास ही रही है। ऐसे में अब उनके न रहने पर अगर ये सीट सपा हारती है तो इसका बड़ा सियासी संदेश जाएगा। अखिलेश यादव के नेतृत्व पर भी सवाल खड़े होंगे। यही कारण है कि वह किसी भी हालत में ये उपचुनाव जीतना चाहते हैं।

प्रमोद आगे कहते हैं, श्अखिलेश जानते हैं कि अब तक पिता मुलायम सिंह यादव ने ही पूरे परिवार को एकजुट रखा। भले ही परिवार में खटपट हुई और कुछ लोगों ने अलग रास्ता भी पकड़ लिया, लेकिन मुलायम के नाम पर पूरा परिवार हमेशा एकजुट रहा। शिवपाल सिंह यादव भी मुलायम का ही सम्मान करते थे। अब उनके न रहने पर अखिलेश को कोई ऐसा शख्स चाहिए तो परिवार को एकजुट रख सके। ये काम शिवपाल सिंह यादव के अलावा कोई नहीं कर सकता है। यही कारण है कि मुलायम सिंह यादव के निधन पर अखिलेश और शिवपाल के बीच दूरियां खत्म होते दिखाई दी हैं।'

अखिलेश यादव अपने दोनों चाचा के साथ।

प्रमोद कहते हैं, 'कुछ ऐसा ही इस बार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भी देखने को मिला था। तब शिवपाल को अखिलेश ने गठबंधन में शामिल किया था। हालांकि, तब अखिलेश ने शिवपाल के अलावा उनकी पार्टी से किसी और को टिकट नहीं दिया था। चुनाव के बाद अखिलेश और शिवपाल में तल्खी भी बढ़ गई थी। ऐसे में ये भी संभव है कि केवल मैनपुरी उपचुनाव के लिए अखिलेश ने शिवपाल के साथ दूरियां कम की हों और बाद में फिर से दोनों के बीच रिश्ते खराब हो सकते हैं।

शिवपाल सिंह यादव और अखिलेश यादव लगातार एकसाथ मंच साझा कर रहे हैं।

प्रमोद के अनुसार, श्शिवपाल सिंह यादव तभी सपा में वापस आएंगे, जब उन्हें सम्मानजनक स्थिति लगेगी। शिवपाल खुद इसके बारे में कई बार बोल चुके हैं। इसकी तस्वीर काफी हद तक इस उपचुनाव के बाद साफ हो जाएगी। ये भी पता चल जाएगा कि शिवपाल वापस सपा में शामिल होंगे या फिर अखिलेश से उनकी लड़ाई और तेज हो जाएगी। हालांकि, अभी वह अखिलेश यादव के करीब जरूर दिख रहे हैं। शिवपाल ने एक ट्विट के जरिए इसे जाहिर करने की कोशिश भी की है। उन्होंने अखिलेश के साथ खुद की एक फोटो शेयर करते हुए लिखा था कि हम सबमें हैं नेताजी, लो सब हो गए एक...।

प्रमोद ने सोमवार को मैनपुरी में हुई सपा की जनसभा का भी जिक्र किया। बताया कि जिस तरह मंच पर अखिलेश ने शिवपाल के पैर छुए और शिवपाल ने मार्मिक बयान दिया, उसके गहरे निहितार्थ हैं। शिवपाल ने रैली में कहा, नेताजी के साथ रहकर बहुत कुछ





सीखा है। उनको कभी निराश नहीं किया। अखिलेश को भी निराश नहीं करूंगा। ये एक बड़ा सियासी संदेश है। मैनपुरी लोकसभा में क्या है समीकरण? मैनपुरी में अभी करीब 17 लाख वोटर्स हैं। इनमें 9.70 लाख पुरुष और 7.80 लाख महिलाएं हैं। 2019 में इस सीट पर 58.5ः लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। मुलायम सिंह यादव को कुल 5,24,926 वोट मिले थे, जबकि दूसरे नंबर पर रहे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रेम सिंह शाक्य को 4,30,537 मत मिले थे। मुलायम को 94,389 मतों के अंतर से जीत मिली थी।

जातीय समीकरण की बात करें तो यहां सबसे ज्यादा यादव मतदाता हैं। इनकी संख्या करीब 3.5 लाख है। शाक्य, ठाकुर और जाटव मतदाता भी अच्छी संख्या में हैं। इनमें करीब एक लाख 60 हजार शाक्य, एक लाख 50 हजार ठाकुर, एक लाख 40 हजार जाटव, एक लाख 20 हजार ब्राह्मण, एक लाख लोधी राजपूतों के वोट हैं। वैश्य और मुस्लिम मतदाता भी एक लाख के करीब हैं। कुर्मी मतदाता भी एक लाख से ज्यादा हैं। मैनपुरी लोकसभा सीट में विधानसभा की पांच सीटें आती हैं। इनमें चार सीटें– मैनपुरी, भोगांव, किशनी और करहल मैनपुरी जिले की हैं। इसके साथ ही इटावा जिले की जसवंतनगर विधानसभा सीट भी इस लोकसभा सीट का हिस्सा है। इस साल हुए विधानसभा चुनाव में मैनपुरी जिले की दो सीटों पर भाजपा, जबकि दो पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी। इसमें मैनपुरी और भोगांव भाजपा के खाते में गई थी, जबकि किशनी और करहल सपा के। करहल से खुद अखिलेश यादव विधायक हैं। वहीं, इटावा की जसवंतनगर सीट पर सपा के टिकट पर शिवपाल सिंह यादव जीते थे।पांच दिसंबर को होना है चुनाव मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के लिए 10 नवंबर को अधिसूचना जारी हुई है। 17 नवंबर तक नामांकन दाखिल हुए और 21 नवंबर नाम वापस लेने की अंतिम तारीख है। पांच दिसंबर को मतदान होगा। मतों की गिनती आठ दिसंबर को होगी। इसी दिन हिमाचल और गुजरात चुनाव के नतीजे भी घोषित किए जाएंगे। मैनपुरी उपचुनाव में अभी कुछ छह प्रत्याशी मैदान में हैं।

# श्रद्धा के हत्यारों को फांसी दो (रीना जायसवाल)

प्रयागम शिक्षा एवं समाज सेवा संस्था और अखंड भारत सेवा ट्रस्ट के द्वारा दलित बेटी श्रद्धा के 35 टुकड़े करने वाला हत्यारा आफताब को फांसी की मांग को लेकर सिविल लाइन सुभाष चौराहे पर कैंडल मार्च निकाला गया कैंडल मार्च निकालते हुए संस्था के अध्यक्ष रीना जायसवाल ने कहा कि श्रद्धा को न्याय तब तक नहीं मिलेगा जब तक आफताब जैसे राक्षसों को फांसी नहीं होगी इसलिए हमारी सरकार और न्यायालय से मांग है कि तत्काल से तत्काल श्रद्धा के हत्यारों को फांसी की सजा दे कैंडल मार्च निकालने वालों में दयाशंकर विश्वकर्मा, सुधांशु मिश्रा, कृष्ण कुमार जायसवाल, आकाश कोरी, राजू सिंह, पिंकी जायसवाल, लवलेश, अंकिता, प्रशांत, राजन ,जितेंद्र ,चंद्रशेखर आर्य आदि रहे।

# डी एम ने बीसवीं उत्तराखंड पुलिस वाहिनी अनुसंधान प्रतियोगिता का किया शुभारंभ ! हरीद्वार!







सेवा,,,जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने पुलिस लाईन रोशनाबाद में आयोजित 20 वीं उत्तराखण्ड पुलिस अन्तरजनपदीयध्वाहिनी वैज्ञानिक अनुसंधान, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एण्टी सबोटेज, कम्पयूटर एवं श्वान प्रतियोगिता–2022 में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में 13 जनपदों की टीमों सहित कुल 16 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।तीन दिवसीय 20 वीं उत्तराखण्ड पुलिस अन्तरजनपदीयध्वाहिनी वैज्ञानिक अनुसंधान, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एण्टी सबोटेज, कम्पयूटर एवं श्वान प्रतियोगिता–2022 के शुभारम्भ करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में अपराधियों द्वारा किसी वारदात को अंजाम देने में माईक्रों लेवल की प्लानिंग व तकनीक का उपयोग किया जाता है जिसकी तहकीकात के लिए पुलिस को दो कदम आगे रहते हुए र्स्माट इनवेस्टीगेशन के माध्यम से अपराधियों को उनके कर्मो के अनुसार सजा दिलाना है। उन्होने कहा कि वर्तमान परिदृश्य को ध्याम में रखते हुए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। कहा कि आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस के इस दौर में पुलिस विभाग को किसी वारदात की तहकीकात के लिए हर सम्भावित पहलुओंध्गुरों को सीखना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के एस0टी0एफ0 में कार्य के अनुभाव से पुलिस की प्रतिभागी टीमों को निश्चित ही विशेषज्ञता प्राप्त होगी। जिसका उपयोग वे वारदात की तहकीकात में भलिभॉति कर सकेंगे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि तीन दिवसीय उक्त प्रतियोगिता में टीमों को क्राईम सीन तैयार कर उन्हे सुलझाने का टास्क दिया जायेगा। जिसे सुलझाने में फॉरेन्सिक जॉच, फोटोग्राफी वीडियोग्राफी, कम्पयूटर सहित स्पीफर डॉग का उपयोग करना सिखाया जायेगा। ताकि वर्तमान में र्स्माट वारदातों के मॉडल को र्स्माट इनवेस्टीगेशन्स के माध्यम से त्वरित गति से सुलझाते हुए अपराधी को सझा दिलाई जा सके। प्रतियोगिता में जिलाधिकारी व एसएसपी सहित अन्य पुलिस विभाग के अधिकारियों के सम्मुख स्नीफर डॉग को विस्फोटक ढूंढने का टास्क दिया गया। जिसे स्नीफर डॉग ने समय से ढूंढते हुए विस्फोटक पर काबू पाया गया। स्नीफर डॉग के सफल टास्क सम्पादन पर उपस्थितों द्वारा टीमों का उत्साह बड़ाया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी बीएस बुधियाल, एसडीएम पूरण सिंह राणा सहित पुलिस विभाग के पुलिस उपाधीक्षक व जनपद स्तरीय टीमें उपस्थित थी।

# संग्रामपुर से मीरअहमदपुर मार्ग पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील



बरदह – बूढ़नपुर मार्ग पर दीदारगंज – पल्थी के बीच में से निकली हुई संग्रामपुर से मीरअहमदपुर तक जाने वाली खस्ताहाल सड़क मार्ग की सुध नहीं लिए जाने पर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश है। क्षेत्रीय लोगों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मार्ग की दशा सुधारने की मांग की। बता दें फूलपुर तहसील क्षेत्र के पल्थी दीदारगंज मार्ग से निकला संग्रामपुर मीर अहमदपुर वाया डीहपुर मार्ग दूरी लगभग 3 किमी किमी जो कि पूरी तरह से गड्ढों में बदल गई है। मार्ग से क्षेत्र के संग्रामपुर, डीहपुर, दरियापुर, मीरअहमदपुर शाहजादा, बेला, गुवाई, मोलनापुर, महमूदपुर समसपुर आदि गावों के हजारो लोग प्रतिदिन दो पहिया चार पहिया वाहनों से एवम पैदल इधर से उधर आते जाते हैं। यह सड़क करीब तीन वर्षों से टूटकर पड़ी हुई है। टूटी हुई सड़क के कारण लोगों को तरह तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मार्ग पर छोटे बड़े हजारों गड्ढ़े बन गए हैं, जिसमें लोग अक्सर गिर जाते हैं, सड़क पूरी तरह से टूटी होने के कारण चार पहिया वाहनों से पास लेते समय अक्सर दो पहिया वाहन व साइकिल सवार गिर पड़ते हैं जिनमें उन्हें चोटें भी आती है। सड़क की गिट्टियां उखड़ कर इधर उधर सड़क के किनारे बिखर गई हैं, मार्ग पर प्राय वाहन बिगड़ जाया करते हैं।


विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक
और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626


# उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ के नए अध्यक्ष संजीव पाठक का पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने किया स्वागत



कानपुर के पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय पैरा खिलाडी अमरेश सिंह के साथ उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ के नए अध्यक्ष संजीव पाठक जी का स्वागत किया। उनसे मिलकर शहर के पैरा खिलाड़ियों की समस्याओं से अवगत कराया ।अध्यक्ष जी नेध सभी को शहर मेंध पहला और प्रदेश का टूर्नामेंट कराने का भरोसा दिलाया ।इस मौके पर अमरेश सिंह अभिषेक सिंह घशिवम सिंह,उमेश बाजपेई ,हर्ष ,संदीप उपस्थित रहे।

# अयोध्या जिले में इंस्पायर अवार्ड में 26 बच्चो का हुआ चयन, कपवे राजेंद्र पांडेय ने जारी की सूची

अयोध्या अयोध्या ।बीकापुर के प्रतिष्ठित एस्सेल गुरुकुल विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 2 बच्चों का चयन इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत हुआ है। जिले में कुल 26 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। जिसमें से 2 विद्यार्थियों का चयन एस्सेल गुरुकुल विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चो का हुआ ।विद्यालय बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है ।अश्वनी सिंह पुत्र यशवीर सिंह ग्राम करोराघोपुर बीकापुर अयोध्याब्यूटी उपाध्याय पुत्री कपिल देव उपाध्याय ग्राम मऊ रामनगर बीकापुर अयोधयाविद्यालय के प्रबंधक विपनेश पांडे ने बच्चों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । प्रधानाचार्य सभापति पांडे ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनको बधाई दिया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# राम नगरी में मारीशस के राष्ट्रपति ने कहा अयोध्या आना सौभाग्य का विषय



अयोध्या अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्म नगरी अयोध्या हनुमानगढ़ी पहुंचकर हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास ने किया मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपम का स्वागत। वैदिक ब्राह्मणों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोचार के साथ मॉरीशस के राष्ट्रपति ने किया हनुमान जी का दर्शन, पूजन, उतारी आरती ।परिवार के साथ अयोध्या पहुंचे हैं मॉरीशस के राष्ट्रपति। हनुमानगढ़ी में दर्शन के उपरांत रामलला के दरबार में लगाई हाजिरी, किया रामलला सरकार का दर्शन पूजन। निर्माणाधीन स्थल के बारे में लिया जानकारी। 1रू00 बजे तक अयोध्या में रहें मॉरीशस के राष्ट्रपति। 1रू00 बजे अयोध्या से लखनऊ के लिए होंगे रवाना। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्म भूमि पर आकर अपने आप को धन्य महसूस कर रहा हूं !

# अयोध्या मे मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपम ने हनुमान जी व रामलला का किया दर्शन और पूजन



अयोध्या अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्म नगरी अयोध्या हनुमानगढ़ी पहुंचकर हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास ने किया मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपम का स्वागत। वैदिक ब्राह्मणों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोचार के साथ मॉरीशस के राष्ट्रपति ने किया हनुमान जी का दर्शन, पूजन, उतारी आरती ।परिवार के साथ अयोध्या पहुंचे हैं मॉरीशस के राष्ट्रपति। हनुमानगढ़ी में दर्शन के उपरांत रामलला के दरबार में लगाई हाजिरी, किया रामलला सरकार का दर्शन पूजन। निर्माणाधीन स्थल के बारे में लिया जानकारी। 1रू00 बजे तक अयोध्या में रहें मॉरीशस के राष्ट्रपति। 1रू00 बजे अयोध्या से लखनऊ के लिए होंगे रवाना। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्म भूमि पर आकर अपने आप को धन्य महसूस कर रहा हूं !

# मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर अस्पतालों में किया गया फल वितरण, एवं दी गई श्रद्धांजलि।

सोरांव। नेता जी मुलायम मऊआइमा बहरिया सोरांव के कई अस्पतालों में फल वितरण किया गया ।अस्पतालों में फल वितरण करने पहुंची सपा नेत्री विधान सभा सोरांव विधायक गीता पासी ने कहा कि नेता जी का हम सब के बीच से चले जाना बहुत ही दुखदाई है। तथा नाका का तालाब कार्यालय सोरांव में मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके द्वारा किए गए कार्यों को गिनाया गया। जिसकी अध्यक्षता निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष श्याम सिंह उर्फ बच्चा यादव ने किया। इस मौके पर निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष मेराज आरिफ ,मऊआइमा ब्लाक प्रमुख इम्तियाज समी, जिला पंचायत सदस्य कमरुल हसन, के एल पटेल,खिन्नी लाल पासी,जवाहर लाल यादव, सुभाष यादव ,सुशील यादव ,विनोद गौतम,सुशील यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# प्रयागराज शैलेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन

एसएसपी प्रयागराज शैलेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन व एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित व सीओ मेजा विमल किशोर मिश्र के निर्देश के क्रम में यातायात माह नवम्बर 2022 के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक थाना माण्डा अरविन्द कुमार गौतम द्वारा जनता शिक्षा सदन इंटर कालेज भारतगंज में छात्रध छात्राओं व अध्यापकों को यातायात नियमो को बताकर जागरूक किया गया और अपील किया गया कि 02 पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व 04 पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने हेतु प्रेरित करते हुये अपील किया की यातायात नियमो का पालन करके स्वयं अपनी जीवन की सुरक्षा करे व दूसरे की जीवन की सुरक्षा करे।इस अवसर पर छात्र, छात्राए, अध्यापक व पलिस कर्मी उपस्थित रहे।अरुण मित्र समाचार पत्र व दैनिक आशा प्रहरी से कमल नारायण एडवोकेट व मुकेश कुमार उपाध्याय एडवोकेट।

# प्रयागराज में निवेश व रोजगार हब का द्वार खुलेगा– भाजपा नेता दिनेश तिवारी

प्रयागराज 22 नवंबर,2022। भाजपा नेता व पूर्व जिला मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार अपने 5 शहरों को इंटरनेशनल हाईटेक हब बनाने जा रही है। निवेश और रोजगार के जरिए वो बड़ा लक्ष्य हासिल करेगी। मुख्यमंत्री मा0 योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर यूपी के 5 शहरों को पंचप्राण के रूप में खास किस्म के हब के तौर पर विकसित किए जाने की योजना बनाया है। ग्लोबल इनवेस्टर समिट 2022 (ळसवइंस प्दअमेजवत ैनउउपज 2022) के पहले लखनऊ,कानपुर, वाराणसी, नोएडा और प्रयागराज को ग्राउंडब्रेकिंग सेरिमनी 2023 की लिस्ट में शामिल किया गया है। भाजपा नेता दिनेश तिवारी ने कहा हमें पूर्ण विश्वास और भरोसा है कि प्रयागराज में आने समय में पूर्ण उम्मीद है कि विदेशी/भारतीय/प्रयागराज निवेशकों द्वारा लगभग 1000 करोड़ रुपए निवेश से उद्योग जगत में क्रांति आएगी। प्रयागराज वासियों की ओर से मा0 मुख्यमंत्री जी का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज को पंचप्राण में रखा ।जिससे प्रयागराज में निवेश व रोजगार हब का द्वार खुलेगा ।उद्योगों के जरिए युवाओं के लिए रोजगार के अवसर होंगे।

# संविधान दिवस की तैयारियां पूर्ण भब्यता के साथ आयोजित होगा संविधान मेला

प्रयागराज 22 नवम्बर, अलोपीबाग स्थित प्रबुद्ध फाउंडेशन के कार्यालय पर 26 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे से हाईकोर्ट स्थित डा. अम्बेडकर मूर्ति स्थल पर संविधान दिवस की 73 वीं वर्षगांठ पर आयोजित होने वाले संविधान मेला व संविधान महोत्सव–2022 के बावत बैठक अयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुये दावा अध्यक्ष उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बताया कि अम्बेडकर मेला में जिला एवं सत्र न्यायालय प्रयागराज के अपर जिला जज नरेन्द्र कुमार बतौर मुख्य अतिथि तथा भूमि संरक्षण अधिकारी गौरव प्रकाश, पुलिस अधीक्षक अपराध सतीश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक प्रोटोकॉल रविशंकर निम, स्वरूप रानी अस्पताल न्यूरोलॉजी विभाग से डा. एनएन गोपाल, राजकीय मेडिकल कालेज मिर्जापुर के प्रधानाचार्य डा. अरबी कमल बतौर विशिष्ट अतिथि एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी राम, एमएनएनआईटी से डा. राधा रानी, व डा. अजय भारती, उत्तर मध्य रेलवे से सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी राजेश चौधरी बतौर अति विशिष्ट अतिथि अपने विचार रखेंगे। आईपी रामबृज ने आगे बताया कि संविधान के अनुच्छेद–17 अस्पृश्यता व छूआछूत मुक्त भारत देश बनाने, संविधान के अनुच्छेद–15 जातिविहीन भारत देश का निर्माण करने व संविधान के अनुच्छेद 39 (ख) जमीन और उद्योगों के राष्ट्रीयकरण के साथ साथ संविधान के अनुच्छेद–13 रूढ़िवादी परम्परा को समाप्त कर वैज्ञानिक सोच पर आधारित समाज निर्माण करने हेतु एक ओर जहां डा. अम्बेडकर क्लब, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा), देवपती मेमोरियल ट्रस्ट और प्रबुद्ध फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संविधान मेले का आयोजन किया जा रहा है तो वहीं संविधान व संविधान दिवस के सम्मान में हाईकोर्ट स्थित डॉ. अम्बेडकर मूर्ति स्थल से पत्थर चर्च गिरजाघर, सुभाष चौराहा, पीडी टण्डन पार्क से अपने उद्गम स्थल तक शांतिपूर्ण ढंग से कैंडिल मार्च भी निकाला जायेगा। बैठक में एड शुकदेव, एड कुमार सिद्धार्थ, एड करन सिंह, रिटा.डिप्टी एसपी बीआर दोहरे, बहादुर राम, डा. एसपी सिद्धार्थ, जीडी गौतम, एलके अहेरवार, रामचन्द्र, श्रीशचंद्र, लालसराम, दिनेश कुमार, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा के क्रियान्वयन हेतु कार्यशाला का किया गया आयोजन

दिव्यांग बच्चो की समावेशी शिक्षा के क्रियान्वयन हेतु मंगलवार को जनपद स्तरीय कार्यशाला जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गयी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि ने कार्यक्रम की शुरूआतध्शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा (समकित शिक्षा) द्वारा किया गया, जिसमे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री प्रवीण कुमार तिवारी ने आये हुए अतिथियों, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी गण, समस्त एस0आर0जीध्ए0आर0पी0, एन0सी0सी0 कैडिट एवं एन0एस0एस0 कैडेट, नोडल शिक्षकों आदि का सभी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी श्री नन्द किशोर याज्ञिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री दिनेश सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी श्री आलोक सिन्हा,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 नानक सरन, सहायक वित एवं लेखाधिकारी समग्र शिक्षा श्री बी0के0 सिंह, रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री सौरभ पुरी, सचिव श्री अभिषेक वर्मा एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय श्री शिव औतार सहित सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। लायन्स क्लब के पदाधिकारी गण, प्रख्यात शिक्षाविद्जन,नागरिकसुरक्षा के अधिकारीगण द्वारा कार्यशाला को सम्बोधित किया गया। जनपद के सभी एस0आर0जी0, समस्त ए0आर0पी0, सभी स्पेशल एजुकेटर व दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे। सर्वप्रथम दिव्यांग बच्चों द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। एस0आर0जी0 वन्दनाश्रीवास्तव, स्पेशल एजुकेटरश्रीमती करूणा राय, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय एवं श्री विन्द्रेश कुमार मौर्य, जिला समन्वयक निर्माण द्वारा निर्धारित विषयों पर व्याखान दिया गया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चों के अन्दर विशिष्ट क्षमता होती है, जिसे निखारने में शिक्षकों की महती भूमिका है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जनपद की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा राजीव त्रिपाठी द्वारा समर्थ एप ऐपलिकेशन व परियोजना से प्रदत्त विभिन्न डाक्यूमेन्ट्री फिल्म का प्रदर्शन करते हुए विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गयी। जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया गया। दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिकध्नृत्य कार्यक्रम किये गये जिन्हे अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत महक द्वारा, ''दुल्हन चली पहन चली तीन रंग'' गीत माही सिंह (एम0आर0) प्रा0वि0 मधवापुर नगर क्षेत्र द्वारा, ''भांगड़ा'' लकी भारतीय विकास खण्ड बहादुरपुर द्वारा तथा ''हमकथासुनाते श्री राम की'' कृष्णा चौधरी व पुष्पिका पाण्डेय पू0मा0वि0 दारागंज नगर क्षेत्र द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री नारायण पटेल द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय द्वारा किया गया।

# मुलायम सिंह यादव की जन्मजयंती पर संगम तट पर हुआ यज्ञ हवन भंडारा!




प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के संस्थापक केंद्र सरकार में पूर्व रक्षा मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्व. मुलायम सिंह यादव की जन्मजयंती पर मंगलवार को सपा के वरिष्ठ नेता निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह की अगुवाई में प्रयागराज संगम तट पर यज्ञ –हवन, पूजन एवं भंडारा आयोजित कर मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर नेताजी द्वारा स्थापित समाजवादी आंदोलन को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए मैनपुरी मे सम्पन्न होने जा रहे उप चुनाव में सपा प्रत्याशी श्रीमती डिम्पल यादव के जीत की भी कामना की गई।

कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सपा नेता एवं निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने कहा कि आजाद भारत में श्री मुलायम सिंह यादव ही एक ऐसे नेता थे जिन्होंने समाज में परिवर्तन कि अलख जगाई। वंचितों, शोषितों एवं पिछड़ों को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। सही मायने मे नेताजी युगपुरुष थे। आज उनकी जन्म–जयंती पर उनको मानने वाले सभी राजनीतिज्ञों को नेताजी के इस मिशन को पूरा करने का संकल्प लेना होगा। नरेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए श्रद्धेय नेताजी की कर्मभूमि पर मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में श्रीमती डिम्पल यादव की जीत जरुरी है, इस पर सभी साधु संतों एवं उपस्थित समुदाय ने हाथ उठाकर डिम्पल यादव की जीत के लिए जय घोष के साथ आशीर्वाद दिया और ईश्वर से प्रार्थना किया।

जन्मजयंती के इस कार्यक्रम में सुबह 9 बजे संगम तट पर पूजन के साथ यज्ञ,हवन प्रारंभ हुआ। तदुपरांत 11बजे से उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर नरेन्द्र सिंह सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने अपने अपने संस्मरण सुनाते हुए भावुक हो अपने नेता को याद किया। दोपहर बारह बजे से प्रारम्भ हुए भंडारे में हजारों की संख्या में साधु संतों, पार्टी के नेताओं, समर्थकों सहित शहर के गणमान्य लोगों ने भोजन ग्रहण किया, तथा कार्यक्रम आयोजक नरेन्द्र सिंह के समाजवादी विचारधारा के प्रति समर्पण और सम्पन्न हुए कार्यक्रम के कार्यकुशलता की सराहना किया।

सपा के जिला एवं महानगर कार्यालय में भी नेताजी के चित्र पर फूल माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी गई।

सपा के पूर्व प्रवक्ता दान बहादुर मधुर ने कार्यक्रम में आये हुए सभी साधु संतों एवं गणमान्य जनों का अभिवादन करते हुए आभार प्रकट किया।

जन्म जयंती कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से सर्व श्री जगतगुरु आगमाचार्य श्री 108श्री रमेश जी महराज, शंकाराचार्य दिलीप जी महाराज, श्री महंत भूषण दास जी, श्री महंत लक्षमण दास जी, परमहंस बालकृष्ण,विधान परिषद् सदस्य डॉ मान सिंह यादव, नि. जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव, नि.महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, पूर्व विधायक जोखूलाल यादव, वासुदेव यादव , पंधारी यादव, कृष्ण मूर्ति सिंह यादव, रामानंद भारतीय, रवि यादव एडवोकेट, दान बहादुर मधुर, हिमांशु कुमार सिंह,आर. एन. यादव, कुलदीप यादव, राम मिलन यादव,दूधनाथ पटेल,प्रताप बहादुर यादव, इंजी. विक्रम यादव, राहुल सिंह, हिमांशू मिश्रा, चंदू यादव,राजेश यादव, महेन्द्र निषाद, भोला पाल, रामसुमेर पाल, अनिल यादव, पद्मा यादव, आशीष पाल, संतोष यादव, शिव बाबा निषाद, शिब्लू सिंह, कल्लू यादव सहित सैकड़ों की संख्या मे साधु संतों व सपाई। सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जिला महिला व्यापार मंडल ने प्रयाग व्यापार मंडल के महामंत्री श्री सुहैल अहमद के जन्मदिन

प्रयागराज जिला महिला व्यापार मंडल ने प्रयाग व्यापार मंडल के महामंत्री श्री सुहैल अहमद के जन्मदिन के शुभ अवसर पर उनका जन्मदिन व्यापारियों ने खूब धूम धाम से मनाया,इस अवसर पर सोहेल अहमद ने केक काटकर खुशियां मनाई और सबका मुंह मीठा किया महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष अवंतिका टंडन और महामंत्री पल्लवी अरोड़ा ने अंग वस्त्र प्रदान किया विजय अरोड़ा, ने बुके प्रदान किया व्यापारियों ने सोहेल अहमद को फूलों की माला पहनाया और मुंह मीठा कराया चौक घंटाघर क्षेत्र में व्यापारियों को मिठाई बांटी गई। अध्यक्ष श्री विजय अरोरा, अवंतिका टंडन पल्लवी अरोड़ा रामा अग्रवाल सरदार जितेन सिंह अकरम शगुन आशीष अरोड़ा अभिनेश अग्रवाल छोटे बाबू मोहम्मद आमिर महमूद अहमद रोहित अरोड़ा आदि बहुत सारे व्यापारी उपस्थित थे शगुन

## सपा संस्थापक स्व मुलायम सिंह यादव के जन्मजयंती पर पुष्पांजलि के साथ गरीबों व दृष्टिहीन बच्चों में किया गया फल वितरण

प्रयागराज समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व रक्षामंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री स्व मुलायम सिंह यादव के दिवंगत होने के बाद यह पहला अवसर था जब उनके जन्मदिन को बहोत ही सादगी से मनाया गया।चौक महानगर कार्यालय पर निर्वतमान महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन व निर्वतमान महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि के नेतृत्व में जुटे सपा नेताओं व पदाधिकारियों ने नेता जी मुलायम सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धेय नेता जी को नमन किया।वहीं पोलो ग्राउंड चौदहों पीर बाबा मजार के पास फकीरों सांई बाबा मंदिर के पास गरीबों व असहायों को दरभंगा कालोनी में अरुणिमा दृष्टिहीन विद्यालय के बच्चों को फल वितरण किया गया।संगम स्थित बड़े हनूमान मन्दिर के बाहर जुटे साधू संतों में भी फल वितरण किया गया।शहर पश्चिम के घुंघरु चौराहा जलवा में युवा नेता मयंक यादव जोन्टी के नेतृत्व में धरतीपुत्र के नाम से विख्यात मुलायम सिंह यादव का जन्मजयंती मनाते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में सैय्यद इफ्तेखार हुसैन ,रवीन्द्र यादव रवि ,इसरार अन्जुम ,मोईन हबीबी ,तारिक सईद अज्जू ,मुंशीर अहमद ,मयंक यादव जोंटी ,मशहद अली खां,रीता मौर्या ,इन्दू यादव ,सुनीता यादव ,राजू फांसी , मृत्युंजय पाण्डेय,रोचक कुशवाहा ,सुनील कुशवाहा, दयानंद पासवान , हरीश चन्द्र श्रीवास्तव ,सुरेश चंद्र श्रीवास्तव ,राकेश वर्मा ,सैय्यद मोहम्मद हामिद , मोहम्मद हबीब , मोहम्मद सऊद ,नन्हे मंसूरी ,सुधीर निषाद , विशाल निषाद,दीलीप चौरसिया,बलबीर पाल ,मंजीत फांसी ,छोटू फांसी ,वरुण सोनकर आदि शामिल रहे।

# थाने के 4 सिपाहियों ने ब्लड डोनेट कर बचाई दो की जान

मऊ आइमा । पुलिस विभाग आए दिन अपने अच्छे कार्यों के लिए सुर्खियों में रहती है । और लोग चर्चा करने में भी लगे रहते हैं । वही मऊआइमा में तैनात चार सिपाहियों ने ब्लड देकर दो लोगों की जान जान बचाई । जिससे लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है और उनकी सराहना की जा रही है । मऊआइमा थाने में तैनात ड्राइवर गणेश कुमार के भतीजे डेंगू से पीड़ित थे । जिन्हें ब्लड की अत्यंत आवश्यकता थी । काफी प्रयास के बाद नहीं मिला तो थाने में तैनात कांस्टेबल अंकुर यादव व हिमांशु यादव ने ब्लड डोनेट कर उनकी जान बचाई । दूसरी तरफ मऊआइमा थाने में तैनात कांस्टेबल वीरेंद्र साहू की पत्नी को डिलीवरी के दौरान ब्लड की आवश्यकता होने पर विकास व कुंदन ने ब्लड डोनेट कर उनकी जान बचाई । जिससे नॉर्मल डिलीवरी होने से जच्चा और बच्चा दोनों सकुशल है । यह सुनकर लोग सराहना कर रहे हैं । वहीं इंस्पेक्टर सुरेश सिंह , इंस्पेक्टर रमेश चंद्र, उपनिरीक्षक जगदीश त्रिपाठी, उपनिरीक्षक संजय कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक सच्चिदानंद यादव, कांस्टेबल विजय पाल यादव, महेन्द्र कुमार, प्रेमबाला, प्रीती मौर्या, पूजन वर्मा समेत अन्य क्षेत्रीय लोगों ने सराहना की ।

## मोदी जी के नेतृत्व में भारत की तस्वीर बदल रही है (महेश चंद्र श्रीवास्तव)

22 नवंबर प्रयागराज, भाजपा प्रयागराज महानगर गंगापार यमुनापार की सामूहिक बैठक नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा सिविल लाइन कार्यालय में आयोजित की गई इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव ने नगर निकाय चुनाव के संदर्भ में अब तक किए गए संगठनात्मक करणीय कार्यों की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज मोदी जी के नेतृत्व में सफलता के झंडे गाड़ रहा है और उनके नेतृत्व में भारत की तस्वीर बदल रही हैउन्होंने आगे कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं के बल पर हमने लोक सभा, विधान सभा, सांसद ,विधायक ,विधान परिषद सदस्य के चुनाव को जीता है और आगे नगर निकाय के चुनाव में हम बहुमत के साथ पार्षद और महापौर का चुनाव जीतने जा रहे हैं और इसका श्रेय कार्यकर्ताओं को ही जाएगा क्योंकि सफलता का श्रेय कार्यकर्ताओं को ही जाता है

उन्होंने आगे कहा कि हमें गली मोहल्ले की टीम बनाना है और समाज में प्रभावशाली व्यक्तियों की हमें सूची बनाना है जो हमारे विचारों से जुड़ा हो और इसके अलावा हर गली मोहल्ले में वार्ड स्तर पर गली मोहल्ले स्तर पर वृहद जनसंपर्क अभियान एवं सम्मेलन का आयोजन का कार्य करना

इसके पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी जिला अध्यक्ष गंगा पार अश्वनी दुबे एवं जिला अध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती जी ने क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव जी का अंगवस्त्रम पहनाकर स्वागत किया

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि बैठक में अब तक किए गए करणीय कार्यों की समीक्षा की जिसमें सामाजिक नेताओं की , गली मोहल्ले प्रमुखों की , सामाजिक संगठन एवं व्यापारिक संगठन के कार्यकर्ताओं नेताओं की , पन्ना प्रमुखों की , आईटी विभाग की मानिटरिंग , पोलिंग प्रभारियों की , नए मतदाताओं के बीच संपर्क साधना, पोलिंग बस्तो की प्रभारियों की सूची बनाने पर जोर डाला गयाबैठक का संचालन क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी जी ने किया बैठक में मुख्य रूप से सांसद केसरी देवी पटेल, भाजपा प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, प्रवीण पटेल, राजमणि कोल वाचस्पति, पीयूष रंजन निषाद, एमएलसी केपी श्रीवास्तव ,निर्मला पासवान, सुरेंद्र चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह यमुनापार जिला प्रभारी ओंकार केसरी,क्षेत्रीय महामंत्री संतोष पटेल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, कमलेश कुमार, राजेश केसरवानी, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष यमुना पार अशोक पांडे,गिरि बाबा, वरुण केसरवानी विवेक अग्रवाल प्रमोद मोदी, एवं जिले के सभी स्थानीय निकाय चुनाव के संयोजक, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष ,मंडल प्रभारी, वार्ड प्रभारी, उपस्थित रहे।

## मा0 प्रधानमंत्री जी के 71 हजार नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल फाफामऊ में किया गया सजीव प्रसारण

मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा मंगलवार को देश के 45 स्थानों पर 71 हजार नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का बटन दबाकर शुभारम्भ किया, जिसका सजीव प्रसारण ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, फाफामऊ में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मा0 केन्द्रीय मंत्री, भारी उद्योग, भारत सरकार डॉ0 महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में आयोजित रोजगार मेले में भारत सरकार के विभिन्न विभागों में 173 नव चयनित अभ्यर्थिंयों को नियुक्ति–पत्र प्रदान किया और उन्हें बधाई दी। मा0 मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में केन्द्र सरकार की रोजगार प्रदान करने के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया तथा देश के मा0 प्रधानमंत्री की भूरि–भूरि प्रशंसा की साथ ही नव नियुक्त अभ्यर्थिंयों को प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्र के प्रति सत्यनिष्ठा एवं समर्पण की भावना को जागृत करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार युवा शक्ति को नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए उचित मंच प्राप्त हो सके। मा0 मंत्री जी ने कहा कि चयनित युवाओं की ऊर्जावान सोच और कौशल से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूती मिलेगी। केन्द्र व राज्य सरकार मिलकर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए मिशन मोड पर कार्य कर रही है। युवाओं को रोजगार मिले, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस अवसर पर श्री प्रभाकर त्रिपाठी, पुलिस उप महानिरीक्षक ने भारत सरकार तथा मुख्य अतिथि महोदय के प्रति आभार व्यक्त किया और अभ्यर्थिंयों को अपने ड्यूटी के प्रति सच्ची लगन, सत्यनिष्ठा एवं पूर्ण ईमानदारी के साथ निष्पादित करने हेतु प्रेरित करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर मुख्य अतिथि महोदय के साथ–साथ केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, प्रयागराज की भूरि–भूरि प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया।द किया। समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए डिम्पल यादव की जीत जरुरीरू –नरेंद्र सिंह प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के संस्थापक केंद्र सरकार में पूर्व रक्षा मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्व. मुलायम सिंह यादव की जन्मजयंती पर मंगलवार को सपा के वरिष्ठ नेता निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह की अगुवाई में प्रयागराज संगम तट पर यज्ञ –हवन, पूजन एवं भंडारा आयोजित कर मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर नेताजी द्वारा स्थापित समाजवादी आंदोलन को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए मैनपुरी मे सम्पन्न होने जा रहे उप चुनाव में सपा प्रत्याशी श्रीमती डिम्पल यादव के जीत की भी कामना की गई। कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सपा नेता एवं निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने कहा कि आजाद भारत में श्री मुलायम सिंह यादव ही एक ऐसे नेता थे जिन्होंने समाज में परिवर्तन कि अलख जगाई। वंचितों, शोषितों एवं पिछड़ों को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। सही मायने मे नेताजी युगपुरुष थे। आज उनकी जन्म–जयंती पर उनको मानने वाले सभी राजनीतिज्ञों को नेताजी के इस मिशन को पूरा करने का संकल्प लेना होगा। नरेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए श्रद्धेय नेताजी की कर्मभूमि पर मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में श्रीमती डिम्पल यादव की जीत जरुरी है, इस पर सभी साधु संतों एवं उपस्थित समुदाय ने हाथ उठाकर डिम्पल यादव की जीत के लिए जय घोष के साथ आशीर्वाद दिया और ईश्वर से प्रार्थना किया। जन्मजयंती के इस कार्यक्रम में सुबह 9 बजे संगम तट पर पूजन के साथ यज्ञ,हवन प्रारंभ हुआ। तदुपरांत 11बजे से उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर नरेन्द्र सिंह सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने अपने अपने संस्मरण सुनाते हुए भावुक हो अपने नेता को याद किया। दोपहर बारह बजे से प्रारम्भ हुए भंडारे में हजारों की संख्या में साधु संतों, पार्टी के नेताओं, समर्थकों सहित शहर के गणमान्य लोगों ने भोजन ग्रहण किया, तथा कार्यक्रम आयोजक नरेन्द्र सिंह के समाजवादी विचारधारा के प्रति समर्पण और सम्पन्न हुए कार्यक्रम के कार्यकुशलता की सराहना किया। सपा के जिला एवं महानगर कार्यालय में भी नेताजी के चित्र पर फूल माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी गई। सपा के पूर्व प्रवक्ता दान बहादुर मधुर ने कार्यक्रम में आये हुए सभी साधु संतों एवं गणमान्य जनों का अभिवादन करते हुए आभार प्रकट किया। जन्म जयंती कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से सर्व श्री जगतगुरु आगमाचार्य श्री 108श्री रमेश जी महराज, शंकाराचार्य दिलीप जी महाराज, श्री महंत भूषण दास जी, श्री महंत लक्षमण दास जी, परमहंस बालकृष्ण,विधान परिषद् सदस्य डॉ मान सिंह यादव, नि. जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव, नि.महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, पूर्व विधायक जोखूलाल यादव, वासुदेव यादव , पंधारी यादव, कृष्ण मूर्ति सिंह यादव, रामानंद भारतीय, रवि यादव एडवोकेट, दान बहादुर मधुर, हिमांशु कुमार सिंह,आर. एन. यादव, कुलदीप यादव, राम मिलन यादव,दूधनाथ पटेल,प्रताप बहादुर यादव, इंजी. विक्रम यादव, राहुल सिंह, हिमांशू मिश्रा, चंदू यादव,राजेश यादव, महेन्द्र निषाद, भोला पाल, रामसुमेर पाल, अनिल यादव, पद्मा यादव, आशीष पाल, संतोष यादव, शिव बाबा निषाद, शिब्लू सिंह, कल्लू यादव सहित सैकड़ों की संख्या मे साधु संतों व सपाई। सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गरीबों किसानों मजदूरों के मसीहा थे नेताजी मुलायम सिंह यादव – नसीर राईन



प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के भनेवरा में समाजवादी पुरोधा मुलायम सिंह यादव जी का 83 वा जयंती मनाया गया जिसकी अध्यक्षता सपा निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष नसीर उद्दीन राईन ने किया इस अवसर पर नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शृद्धा सुमन अर्पित किया गया गरीबों को कंम्बल व मरीजों में फल वितरण किया गया इस दौरान जिला उपाध्यक्ष नसीर उद्दीन राईन ने कहा कि लोक संवेदना के पुरोधा मुलायमसिंहयादव जी अपने अदभुत संघर्ष, क्षमता और नैसर्गिक नेतृत्व के बलबूते भारत के पिछले 6 दशकों की राजनीति में लगातार प्रासंगिक बने रहे थे।

स्वतंत्रता आंदोलन के बाद राम मनोहर लोहिया,जयप्रकाश नारायण,चौधरी चरण सिंह,सहित अमूमन सभी छोटे–बड़े नेताओं के विचार,राजनैतिक समझ और योगदान को समेटकर नेता जी के नाम से विख्यात मुलायम सिंह यादव तीन बार देश के सबसे बड़े सूबे उ.प्र.के मुख्यमंत्री और एक बार केंद्र में रक्षा मंत्री के तौर पर पद को और भी अधिक यशस्वी बनाये समाजवादीपार्टी का सृजन कर उन्होंने किसानों,नौजवानों, महिलाओं सहित अन्याय एवं शोषण का शिकार एक बड़े वर्ग को व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से मुख्यधारा की राजनीति में स्थापित किया।

समाजवादी आंदोलन को ऊर्जावान और कीर्तिगामी नेतृत्व प्रदान करते हुए श्री अखिलेश यादव के रूप में एक सक्षम नेता प्रदान करते हुए यूपी के राजनैतिक भविष्य को समृद्ध करने में धरतीपुत्र नेता जी का ऐतिहासिक योगदान रहा।

सामान्य से विशिष्ट होने के क्रम में नेता जी ने सदैव खेत–खलिहान की खुशहाली को आगे बढ़ाने के लिए कारगर नीतियाँ निर्मित किया। 60 वर्षो के प्रभावशाली एवं जनजुड़ाव के पर्याय राजनीति के ध्रुवतारा आदरणीय नेता जी भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनका आदर्श और जीवन संघर्ष सदैव हम समाजवादियों का मार्ग प्रकाशित करता रहेगा। कार्यक्रम की संचालन लोहिया वाहिनी ब्लाक अध्यक्ष मो.इरफान ने किया इस दौरान मुराद मंसूरी, विरेन्द्र यादव, महेंद्र गुप्ता, परवेज आलम,यहिया सिद्दीकी, वाजिद तुफानी, मो.अशरफ,आदर्श यादव, अंकित यादव,सूरज यादव,सुनील पाल,चंदन बिन्द,अरकान सिद्दीकी, आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## जलकुक्ड़ा - जलनखोरी

दूसरों के साथ जलनखोरी या इर्ष्या रखने वाले जीवन में कभी सफलता प्राप्त नहीं करते ईर्ष्या में मुख्य रूप से एक अपूर्णता का भाव छिपा होता है – हम दूसरों से तुलनात्मक भाव छोड़कर खुद में मस्त रहें तो ईर्ष्या नहीं होगी – एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया – सृष्टि रचनाकर्ता ने खूबसूरत मानवीय योनि को इस धरा पर रचनाकर अभूतपूर्व बौद्धिक क्षमता से नवाजा, ताकि 84 लाखध योनियों से हटकर अपनी बुद्धि कौशलता का पूरी क्षमता से उपयोग कर, सृष्टि के सभी जीवो के कल्याण के लिए कार्य करेगा। परंतु जिस प्रकार का हम मानवीय व्यवहार देख रहे हैं यह जीव अपने ही उलझनों में उलझ गया है और रचनाकर्ता की करणी में ही हाथ डालने की कोशिश कर रहा है कि,सृष्टि की रचना कैसे हुई?मानवीय देह से ऐसा क्या निकल जाता है कि मृत्यु हो जाती है ? जैसे अनेक सवालों के साथ ही अनेकों दुर्गुणों से घिर गया है। उसमें से एक दुर्गुण जलनखोरी या ईर्ष्या का भाव रखना भी है। आज हर मानवीय जीव, हर तरह की सुख सुविधाएं, भोग चाहता है, याने जिस तरह सामने वाले में संपूर्णता है वैसी ही भी वह खुद चाहता है, और ना होने पर जलनखोरी ईर्ष्या का भाव पैदा होता है जो मनुष्य की असफलता और बर्बादी के अंजाम तक पहुंचा देता है इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि दूसरों के साथ जलनखोरी, ईर्ष्या करने वाले मनुष्य जीवन में कभी सफल नहीं होते। साथियों बात अगर हम ईर्ष्या या जलनखोरी की करें तो ऐसा करने वालों को हम जलकुकड़ा भी कहते हैं। ईर्ष्घ्या एक भाव है जो किसी के पास कुछ ऐसी चीज होने की वजह से आ सकती है, जो हम पाना चाहते थे या अगर किसी के पास कोई चीज हमसे ज्यादा है।अगर हम में किसी तरह की अपूर्णता है, जिसकी वजह से दूसरों के सामने हम अच्छा महसूस नहीं कर पाते हों, तो इससे भी कई बार ईर्ष्घ्या पैदा हो जाती है। ईर्ष्घ्या में मुख्घ्य रूप से एक अपूर्णता का भाव छिपा होता है। यदि हम आनंद के भाव से पूरी तरह भरे हों, तो हमारे भीतर किसी के भी प्रति ईर्ष्घ्या का भाव नहीं होगा। जैसे ही हमको ये लगता है कि हमारे बगल में बैठे आदमी के पास हमसे कुछ ज्यादा है और हम उससे खुद को कम महसूस करने लगते हैं तो ईर्ष्घ्या का भाव पैदा होता है। अगर यहां हमसे बेहतर कोई दूसरा व्यक्ति मौजूद है तो ईर्ष्घ्या पैदा हो सकती है। यदिहमें खुद में मस्त हैं तो ईर्ष्घ्या का कोई प्रश्न ही नहीं है। साथियों हमारे अंदर जो जलन और ईर्ष्या होती है तो उसके पीछे कोई न कोई वजह जरूर होती है, और इस वजह को समझने के लिए जरूरी है कुछ देर खुद अपने साथ बैठना और अपने आप से इस बारे में पूछना। उससे भी ज़्यादा जरूरी है खुद को पहचानना। जरूरी नहीं है कि हमको अपनी इस भावना के बारे में पता लगे। इसको महसूस करना बहुत जरूरी है। जब तक हम इस सच्चाई को स्वीकार नहीं करेंगे, आगे नहीं बढ़ पाएंगे, इसलिए जरूरी है सच्चाई को स्वीकार करके आगे बढ़ें। ईर्ष्या की ये भावना सिर्फ प्रतियोगी के साथ ही नहीं, बल्कि किसी भी रिश्ते में आ सकती है। जैसे हमारे भाई–बहन, दोस्त, रिश्तेदार, आपके पार्टनर, पैरेंट्स और यहां तक कि हमारे अपने बच्चे भी हो सकते हैं। इस भावना के चलते हम कई बार सामने वाले को इतना हर्ट कर देते हैं जो उनके लिए बहुत तकलीफदेह होता है। और मजेदार बात यह कि इसका हमें पता ही नहीं चलता। साथियों जलनखोरी एक सोच या भाव है, जो आमतौर पर भय, चिंता असुरक्षा और ईर्ष्या के विचारों या भावनाओं से जुड़ा होता है। जिनके पास संपत्ति, पद या सम्मान आदि की कमी होती है, उनमें इस तरह की भावनाएँ या सोच जन्म लेने लगती है। ये विशेष रूप से किसी दुश्मन या प्रतिभागी हेतु होती है। इस तरह की भावनाएं या सोच सामान्यतः एक या एक से अधिक भावों से मिल कर बने होते हैं, जिसमें क्रोध, घृणा आदि भावनाओं का मिश्रण होता है। जलन का वास्तविक अर्थ ईर्ष्या से भिन्न है, लेकिन आमतौर पर इन दोनों शब्दों को एक ही समझा जाता है। साथियों बात अगर हम जलनखोरी ईर्ष्या के परिणामों की करें तो इसमें शत्रु भाव पैदा होता है। हम अपने दोस्तों पड़ोसियों साथियों की सफलता उनके बच्चों की गुणवत्ता से मन में भाव उत्पन्न होता है कि हमारे साथ ऊपर वाले ने ऐसा क्यों नहीं किया,? यहां से शुरू होती है हमारी दुर्गति बर्बादी की कथा जो हम हर तरह के दुर्गुणों से घिरते चले जाते हैं और हमें पता तब चलता है जब हम अपना सबकुछ पाया हुआ भी खो देते हैं। इसलिए हमें चाहिए कि अपनी मौज में मस्त रहें किसी की सफलताओं से हम खुश होकर उन्हें बधाईयां देना चाहिए और खुद भी अपने लिए मेहनत करने का भाव लाना चाहिए कि हम भी ऐसी मेहनत कर आगे बढ़े। ईर्ष्या एक ऐसा शब्द है जो मानव के खुद के जीवन को तो तहस–नहस करता है औरों के जीवन में भी खलबली मचाता है। यदि हम किसी को सुख या खुशी नहीं दे सकते तो कम से कम दूसरों के सुख और खुशी देखकर जलें नहीं। यदि हमको खुश नहीं होना है, न सही मत होइए खुश, किन्तु किसी की खुशियों को देखकर हम अपने आपको ईर्ष्या की आग में ना जलाएं। परंतु अफसोस की बात है आज के समाज की कि लोग किसी के दु:ख को देखकर तो बहुत दुखी होते हैं सहानुभूति जताते हैं लेकिन किसी की खुशी को देखकर खुश नहीं होते। किसी की उन्नति से किसी के गुणों से जलते हैं और दुखी होते हैं और पुरा प्रयास करते हैं कि सामने वाले का बुरा हो। हम सभी को इससे बचना चाहिए। साथियों बात अगर हम जलनखोरी या ईर्ष्या को समझने की करें तो, ईर्ष्या हमारा स्वभाव नहीं है। किसी चीज को छोड़ने से आजादी नहीं मिलेगी, क्योंकि छोड़ने के लिए है ही क्या? इस समय, हमारे भीतर कोई ईर्ष्या नहीं है।यह हमारे स्वभाव का अंग नहीं है। हम इसे समय–समय पर पैदा करते हैं।अगर हम अपने इसे इसलिए पैदा किया होता कि हम ऐसाकरना चाहते थे, तो यह हमारे लिए आनंददायक होता। अगर हमको गुस्से, जलन और नफरत से खुशी होती है तो उसे पैदा कीजिए। पर ऐसा नहीं है, वे हमारे लिए खुध्शी देने वाले अनुभव नहीं हैं। तो हमने उन्हें क्यों रचा है? हमने उन्हें रचा है क्योंकि हमारे भीतर जरुरी जागरूकता की कमी है। हमको नहीं लगता कि हमें हमारी इर्ष्या जलाती है? बाद में सामने वाले का नुकसान होता है? क्यूंकि इर्ष्या करते वक्त हमारे दिमाग के स्नायु सिकुड़ते हैं जिसका प्रभाव हमारे अंतर्मन पर पड़ता है और इसका प्रभाव हमारी दिनचर्या पर पड़ता है। हम चिड़चिड़े हो जाते हैं और घर के लोगों के साथ हमारा व्यवहार गलत ढंग का हो जाता है, तब घर का वातावरण कलहपूर्ण हो जाता है और हमारा स्वाभाव झगड़ालू हो जाता है और हमें जानते ही हैं कि झगड़ालू लोग किसी को अच्छे नहीं लगते। साथियों इस ईर्ष्या के जो मूलभूत कारण हैं, उसमें सबसे पहला कारण है अहमन्यता–अपने आप को बड़ा मानने की प्रवृत्तिय दूसरा कारण है असहिष्णुता– दूसरों की बातों को न सह पाने की स्थितिय तीसरी बात है अनुदारता– हमारा मन उदार न रहे, किसी के प्रति उदारता का न होना, संकीर्ण होनाय और चौथी बात है ओछी मानसिकता। कैसे ईर्ष्या से छुटकारा पाएँ इसके उपाय हैं, ईर्ष्या को समझना, ईर्ष्या को सकारात्मकता में बदलनातुलना से बचिएकृतज्ञता महसूस करना, दृष्टिकोण को फिर से बैठाना। जब–जब हमारे मन में किसी के लिए ईर्ष्या का भाव जागृत हो तब–तब अपने विचारों की दिशा को सकारात्मक सोच की और मोड़ दीजिए जब विचारों की दिशा ही बदल जाएगी तब अपने आप नकारात्मकता हमसे दूर होते जाएगी और जब मन में अच्छी बातें आती है तब हमें वो बातें सुकून ही देती है न की ग्लानि या जलन। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि,जलकुक्ड़ा– दूसरों के साथ जलन और ईर्ष्या रखने वाले जीवन में कभी सफलता प्राप्त नहीं करते। ईर्ष्या में मुख्य रूप से एक अपूर्णता का भाव छिपा होता है– हम दूसरों से तुलनात्मक भाव छोड़कर खुध्द में मस्त रहें तो ईर्ष्या नहीं होगी।–संकलनकर्ता लेखक कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखध्दास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

# नकली ब्रांड :जालसाजी में फँसे हुए ग्राहक



रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाली उपयोगी सामानों की संख्या की कमी नहीं है, हर सामान की आवश्यकता समय–समय पर होती है और डिब्बे पर लगे हुए सुंदर–सुंदर ब्रांड देखकर लोगों के मन में उसे लेने की इच्छा होती है, भले ही वह सामान कैसा हो इसकी जानकारी भी उन्हें नहीं होती है। चाय पत्ती, नहाने का साबुन, खाने का तेल, सौंदर्य प्रसाधन, शैंपू पाउच या बोतल डिटर्जेंट पाउडर के पाउच अथवा पैकेट या टिकिया, मिर्च मसाले नमकीन ना जाने कितने प्रकार के समान मशहूर ब्रांड का नाम देख कर लाए हो, पर वास्तव में वह मूल कंपनी के ना होकर किसी जालसाज कंपनी के भी हो सकते हैं। घरेलू सामानों को तो आम ग्राहक इतना महत्व नहीं देता है पर बिजली के कई सामान ऐसे होते हैं जिस पर आईएसआई की मुहर छपी होती है, वह भी नकली हो सकता है। यह जानकर हैरानी होगी आजकल जो लोग अच्छा खा पी रहे हैं उन्हें भी नकली असली की पहचान नहीं होती है और वह गलत सामानों को खरीदने के लिए एक दूसरे को प्रेरित करते रहते हैं खास तौर पर दुकानदार खुद उन सामानों को ग्राहक के सामने पेश कर देता है जिसे देखकर ग्राहक के मन में उसे लेने की चाहत होती है, सीधा–साधा उपभोक्ता इसी में उलझ कर रह जाता है। जिस प्रकार के समान की ग्राहक मांग करता है वह ब्रांड पर वह सामान दूसरे तरह का होता है और उसके अंदर रखा हुआ सामान कितना शुद्ध है, यह दुकानदार ही जानता है क्योंकि उसे सस्ता और महंगा दोनों तरह का माल रखने की आदत होती है और जैसे ग्राहक होते हैं उनकी हैसियत देखकर वैसा ही समान उनके सामने प्रस्तुत करते हैं। गरीब और आम जनता इस जालसाजी के भंवर में फंसती चली जाती है, जो पढ़े–लिखे नहीं होते हैं वो जनता को बेवकूफ बनाने में दुकानदार माहिर होते हैं। मिलती–जुलती कंपनी का माल बेचकर उन मेहनत करने वाले मजदूरों को भी यह पैसा कम देते हैं। मिलते जुलते नाम नकली ब्राण्ड की कंपनियों का समान बहुतायत में मिलता है। देश भर में थोक व खुदरा विक्रेता यहां से खरीदारी करने आते हैं बिजली के कई सामान से लेकर लाइट, झालर सभी प्रकार के बिजली उपकरण ग्राहकों को डुप्लीकेट दिया जा रहा है। आम जनता बेवकूफ बनने के बाद ब्रांड के नाम पर गलत समान कर ले आती हैं और जब उसे उपयोग करते हैं तो उन्हें पता चलता है कि वह लूट लिए गए हैं। जालसाजी कंपनियां सेल्समैन और सप्लायर के माध्यम से नकली समान गली मोहल्ले में फेरी लगवाकर बिकबाते है, घर–घर जाकर सेल्स गर्ल और महिलायें नकली सामान सस्ते में बेचकर चली जाती हैं। नकली को असली का टेग लगाकर इतनी खूबसूरती से मार्केट में लाया जाता है कि इसका सूक्ष्मता से फर्क करने पर भी समान असली है या नकली यह पता नहीं लग पाता है। कोई फर्क भी उसे समझ सके वह भी उनकी जालसाजी में आ जाते हैं। अधि ाक मुनाफे की खातिर दुकानदार अपना सामान ग्राहकों को बेच देता है मार्केट में कई प्रकार के ब्यूटी प्रोडक्ट भी आते हैं जब यह सारे सामान ब्यूटी पार्लर जाते हैं और कुछ सामान नकली होने के कारण उसका साइड इफेक्ट औरतों की स्किन पर हो जाता है इस पर किसे दोष दिया सकता है!सस्ते सामान को नकली रैपर में लपेट कर उसकी पैकेजिंग की जाती है और मार्केट में रद्दी माल को ब्रांडेड कंपनियों के नाम से बेचने वाले लोगों का एक गैंग होता है और यही रात के अंधेरे में छुपकर नकली माल तैयार करते हैं और उन्हें ब्रांडेड रैपर मैं डाल कर लोगों को बेवकूफ बनाते हैं और यह ब्रांडेड रेफर इतनी सुरक्षात्मक तरीके से बनाए जाते हैं लोगों को यह लगे कि यह रेपर असली है। कई बार उपभोक्ता बिजनेस प्लान के उत्पाद को इस्तेमाल करने के बाद उसके रैपर को बिना नष्ट किए फेंक देते हैं और तेल के डिब्बे शीशियों को पैकेजिंग के लिए भेज देते हैं फलस्वरुप इनके जरिए नकली सामान बनाने वाले यह सब प्राप्त कर इनमें से अपना सामान भर कर पैक कर देते हैं और बाजार में भेज देते हैं। काफी दुकानदार घी या तेल को खुला बेचते हैं और खाली टीन के डिब्बों में बेच देते हैं इनमें भी समान पैक होकर बाजार आ जाता है। घी तेल के डिब्बे पर व्यापक तो मूल कंपनी का ही होता है लेकिन उत्पाद किसी दूसरी कंपनी का होता है। तेल के टीन के साथ तो और भी सुविधा है कि यह केवल सील वाली जगह से ही खोले जाते हैं लगता है वहीं से तेल भरकर सील लगा देते हैं।आजकल ऑनलाइन जो भी सामान बेचे जाते हैं फेसबुक इत्यादि पर वो सभी अधिकतम नकली होते हैं। किसी ब्रांडेड कंपनी का नाम रखकर लोगों में भ्रामकता फैलाई जाती है मशहूर और बड़ी कंपनियों के अपने खर्चे बहुत होते हैं। कंपनियां अपने अधिकारियों को बड़ी रकम देते हैं विज्ञापनों और अन्य साधनों पर भी खुलकर यह कंपनियां खर्च करती है इनकी अपनी तकनीक अच्छी और महंगी होती है इसलिए उनका सामान महंगा पड़ता है। कुछ अपने नाम प्रचार के बलबूते पर अपना उत्पाद भेजते हैं और बिकता भी है जैसे उदाहरण के लिए यदि कोई चिप्स का पैकेट खरीदते हैं उस चिप्स की कीमत घ2 के लगभग होती है लेकिन बाजार में आते आते वह घ10 में बिकता है और इसके विपरीत जो छोटी कंपनियां है उनके फालतू खर्चे कम होते हैं और इनका विज्ञापनों पर भी कोई खर्च नहीं होता है, इसलिए इनके समान सस्ते पड़ते हैं परिणाम स्वरूप थोक और खुदरा विक्रेता यह सभी कमीशन पाते हैं। दुकानदारों को जालसाज कंपनियों का सामान बेचने पर यानी ब्रांडेड नाम से नकली सामान बेचने पर अच्छी बचत होती है इसलिए दुकानदार जानबूझकर नकली ब्रांड का सामान रखते हैं। कुछ थोक विक्रेताओं के पास अनजाने में सेल्समैन के द्वारा नकली ब्रांड आ जाते हैं सभी समान अपने मूल रुपए से डबल दामों में बेच दिया जाता है जिसका कमीशन कंपनी से लेकर दुकानदार पूर्णतः खाता है। घरेलू उद्योगों के सामान गुणवत्ता के हिसाब से नकली ब्रांडों के थोक मूल्य से भी अलग होते हैं निम्न क्वालिटी का मूल्य कम होता है उससे कुछ अच्छी क्वालिटी का थोक मूल्य कुछ अधिक। लेकिन नकली ब्रांड में सबसे अच्छी व महंगी क्वालिटी फिर भी असली ब्रांड का मुकाबला नहीं कर पाती है क्योंकि उसकी तकनीक बड़ी कंपनी जैसी नहीं होती वैसे भी सभी बड़ी कंपनियों में अपने उत्पाद प्रक्रिया व फार्मूले के रहस्य होते हैं जिन्हें कंपनियां छिपाए रखती है।जालसाजी के भंवर से उपभोक्ताओं को सचेत होने की आवश्यकता है जो बड़ी कंपनियों के ब्रांड का नाम लगाकर समान बेचते हैं उन पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए यह देश की अर्थव्यवस्था को भी क्षति पहुंचाते हैं। उपभोक्ता हो या सरकार सबको सावधानी बरतने की सख्त जरूरत है। उपभोक्ता को भी चाहिए कि जानबूझकर नकली ब्रांड बेचने वाले दुकानदारों का बहिष्कार करें और ब्रांड की मूल कंपनी को इसकी जानकारी अवश्य भेजें ताकि वह कार्यवाही कर सके तथा इस्तेमाल किए गए ब्रांड का पैकिंग सामान नष्ट करके फेंक दे ताकि दूसरा कोई उसे इस्तेमाल नहीं कर पाए। नकली सामान की खरीदारी से ग्राहक बचने का प्रयास करें किसी के बहकावे में ना आए अपने अनुभव से सही सामान लेने का प्रयास करें। यदि कोई नकली ब्रांड का समान बेच रहा है तो उसकी शिकायत जरूर करें।नकली सामानों का बहिष्कार करें लोग जागरूक बने, तभी देश का विकास हो सकता है। पूजा गुप्ता मिर्जापुर उत्तर प्रदेश

# नारी शोषण,अत्याचार के विरुद्ध शिक्षा,साक्षरता के गंभीर प्रयास की आवश्यकता



(स्त्री पढेगी इतिहास रचेगी)

भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है। भारत की जनसंख्या में पुरुषों के साथ–साथ की स्त्रियों तथा बच्चों की भी जनसंख्या भी बहुत ज्यादा है। देश में स्त्री शोषण की विविधता और धार्मिक कट्टरता को देखते हुए नारियों को शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, विशेष तौर पर स्त्री तथा बच्चों को बुनियादी शिक्षा तथा साक्षरता की महती आवश्यकता देश में महसूस की जा रही है। स्त्रियां अपने परिवार ,घर और समाज की देखरेख करती हैं अतः उनका शिक्षित होना बहुत ज्यादा आवश्यक भी है, बच्चे देश का भविष्य है अतः उनका शिक्षित होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी भी देश के एक सफल नागरिक को होना चाहिए। स्त्री और शिक्षित होंगी तो स्वयं और अपने परिवार को अच्छे बुरे और असामाजिक घटनाओं से सचेत रहने की शिक्षा भी दे सकती हैं जिससे एक सामाजिक परिवर्तन एवं सामाजिक आंदोलन की महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि को तैयार किया जा सकता है।भारत में चाहे विकास की बात हो, सार्वभौमिकता की बात हो,सत्य, अहिंसा की बात हो या बात करोना संक्रमण से बचने की हो,हमें शिक्षा एवं व्यापक साक्षरता की महती आवश्यकता हैस जिस तरह जल के बिना जीवन नहीं होता है,उसी तरह साक्षरता और शिक्षा के बगैर मनुष्य का जीवन निरर्थक हैस अशिक्षित आदमी ना तो अपने परिवार ना ही समाज के लिए उपयोगी हो सकता हैस इसके लिए सबसे पहले हमें स्त्रियों की शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को समझना होगास शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैंस शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प हैस जिसके अंतर्गत पढ़ना,लिखना, समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक हैस साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता हैस साक्षरता सदैव रोजगार मूलक तथ्यों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता हैस शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्‌बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती हैस ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग–अलग पैमाने से नापा हैस सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में हैस ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाएस शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर–दूर तक कोई लेना देना नहीं हैस वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण हैस महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया हैस

परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता हैस पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता हैस पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती हैस ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता हैस अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है। इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होता है, एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं। एवं साधनों की परवाह न कर इसकी खुली अवहेलना हो लोग करने लगे हैं ,और इसी कारण शिक्षा के क्षेत्र में नकल, फर्जीवाड़े,धन देकर नौकरी प्राप्त करना आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साक्षर तो घोटालेबाज केतन पारेख हर्षद मेहता एवं कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन भी थे, किंतु इनकी शिक्षा की सार्थकता समाज द्वारा सदैव नापसंद की गई एवं समाज इन्हें हेय दृष्टि से देखने लगा है। आज के संदर्भ में ऐसी शिक्षा या साक्षरता की आवश्यकता है, जो मानव जीवन में मूल्यों का विकास एवं मूल्यों की प्रतिबद्धता विकसित कर सके। जिससे समाजिक गिरते मूल्यों तथा विरासत की अवहेलना ना हो सके। बिना मूल्यों के बिना संस्कृतिक विचारध ाारा के साक्षर होना ठीक उसी तरह है जैसे किसी बंदर के हाथ में बंदूक या उस्तरा देना है। हमें आज नैतिक साक्षरता देने की आवश्यकता होगी, जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास विरासत की रक्षा तथा मानवीय संवेदनाओं का संपुट हो, जो व्यक्ति को एक अच्छा इंसान बना सकें।संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, रायपुर,छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

# भाषा-संस्कृति के जरिये सियासी पैठ : काशी तमिल संगमम

## तमिलनाडु की राजनीति में प्रवेश, इस साहसिक कदम के मायने

तमिलनाडु के मतदाता मुफ्त उपहार, ईंधन की कीमतों में कमी, हर महिला के लिए 1,000 रुपये और द्रमुक के कई अन्य चुनावी वादों को पूरा न करने के चलते ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। स्टालिन ने खुले तौर पर स्वीकार किया कि केंद्र द्वारा जीएसटी फंड जारी न करने के कारण वह ऐसे वादों को पूरा करने में असमर्थ हैं।प्रध ाानमंत्री नरेंद्र मोदी का काशी तमिल संगमम तमिलनाडु की राजनीति में प्रवेश का साहसिक कदम है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के बहुत आक्रामक भाषणों से तमिलनाडु में विवाद पैदा हो गया, जिसमें कहा गया कि भगवान शिव के मुख से जो दो भाषाएं निकलीं, वे संस्कृत और तमिल थीं। काशी की घटना ने द्रमुक को झकझोर कर रख दिया है। भाजपा बहुत आक्रामक तरीके से तमिल सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रही है, जिसने द्रमुक सहयोगियों को मुश्किल में डाल दिया है। बनारस में नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए काशी तमिल संगमम का हजारों किलोमीटर दूर तमिलनाडु की राजनीति पर खासा प्रभाव पड़ा है। उस समारोह में मोदी के भाषण ने हिंदुत्व की भावनाओं को जगाया, क्योंकि उन्होंने तमिल महाकाव्यों का उल्लेख किया। यह संगमम आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हुआ। तमिलनाडु के विभिन्न पीठों के 15 महंत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठे थे। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने इन महंतों के आगे माथा टेका। ये वीडियो और तस्वीरें तमिलनाडु में वायरल हो गईं। इसके अलावा, तमिलनाडु के सभी जिलों से 2,500 स्कूलध कॉलेज के छात्र आईआईटी, मद्रास और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के सहयोग से तीन विशेष ट्रेनों में बनारस पहुंचे। बॉलीवुड संगीतकार इलैयाराजा ने रुद्रम से छंद लेकर आर्केस्ट्रा का प्रदर्शन किया। बनारस के इस समारोह और प्रधानमंत्री मोदी के भाषण को सभी तमिल न्यूज चौनलों ने लाइव प्रसारित किया। अलग–अलग राज्यों के लिए भाजपा अलग–अलग रणनीति अपनाती है। उत्तर प्रदेश में राजनीतिक रूप से निपटने के लिए उसने बुलडोजर चलवा दिया, तो महाराष्ट्र, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल किया। झारखंड के लिए इसने अलग तरीका अपनाया। तेलंगाना में भाजपा तेलंगाना राष्ट्र समिति के प्रमुख के चंद्रशेखर राव पर हमलावर हो गई। लेकिन तमिलनाडु में पैठ बनाने के लिए भाजपा और उसके नेताओं ने तमिल भाषा और संस्कृति को अपनाया। और इसका लाभ भी भाजपा को मिल रहा है। भाजपा की श्दक्षिण की ओर देखोश नीति आक्रामक होने वाली है, क्योंकि हैदराबाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लिए गए फैसले भी लाभ दे रहे हैं। दूसरी ओर, भाजपा विरोधियों की स्थिति तमिलनाडु में बहुत ही निराशाजनक दिखाई देती है। जैसे कि द्रमुक आंतरिक कलह में फंसी है और उसके हर नेता अलग–अलग विचार प्रकट कर रहे हैं, जिनसे तमिल राजनीति भ्रमित हो रही है। छह महीनों में मोदी ने चार बार तमिलनाडु का दौरा किया है। अमित शाह दक्षिणी राज्यों के किसी भी दौरे में तमिलनाडु के किसी एक जिले में जरूर जाते हैं। 45 केंद्रीय मंत्री तमिलनाडु के एक से दूसरे जिले का दौरा कर रहे हैं। वर्ष 2019 में भाजपा ने पूर्वी राज्यों की तरफ ध्यान केंद्रित किया, तो वहां से उसे 25 सांसद मिले। वर्ष 2024 के लिए भाजपा दक्षिणी राज्यों को लेकर उत्सुक है। इसी वजह से भाजपा के केंद्रीय मंत्री तमिलनाडु में घूम रहे हैं। तमिलनाडु की राजनीति अब एक दिलचस्प मोड़ ले रही है और एक दूसरे के खिलाफ तीखी आलोचनाएं की जा रही हैं। कभी मोदी को काले झंडे दिखाए गए थे, लेकिन अब वह स्थिति नहीं है। अन्नाद्रमुक गुटबाजी और कानूनी मुद्दों को लेकर गहरे संकट में फंसी है। जयललिता के बाद उनकी पार्टी तीन या चार खेमों में बंट भी गई है। अन्नाद्रमुक की तुलना शिवसेना से की जा सकती है, जिसके दोनों गुट चुनाव चिह्न के लिए लड़ रहे हैं। एमजीआर और जयललिता का प्रिय चुनाव चिह्न दो पत्तियां था। पार्टी के विभिन्न गुट इस चुनाव चिह्न पर दावा कर रहे हैं, जिससे इस चुनाव चिह्न का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। शिवसेना और अन्नाद्रमुक, दोनों चुनाव आयोग से राहत चाहती हैं। कहने की जरूरत नहीं कि भाजपा द्वारा इन दोनों दलों की कलाई मरोड़ने की अनदेखी नहीं की जा सकती। यदि विपक्षी दलों की राजनीति निराशाजनक है, तो तमिलनाडु में सत्ताधारी दल द्रमुक की राजनीति भी बेकार है। एमके स्टालिन और दुरई मुरगन के बयान चौंकाने वाले हैं। द्रमुक महासचिव दुरई मुरुगन ने एक सार्वजनिक बैठक में स्वीकार किया कि तमिलनाडु में भाजपा की बढ़ती पैठ द्रविड़ संस्कृति के लिए अच्छी बात नहीं है। द्रमुक वंशवाद के मुद्दों से जूझ रही है। इसके नेता स्टालिन का कहना है कि उन्हें नींद नहीं आती, क्योंकि पार्टी के नेता अलग–अलग विचार व्यक्त करते हैं और द्रमुक दिग्गजों के बीच व्यक्तित्व संघर्ष जारी है। स्टालिन ने द्रमुक कैडरों को अपने नाजुक स्वास्थ्य के बारे में भी बताया। उनके इस बयान से द्रमुक सहयोगियों में कोई अच्छा संदेश नहीं गया। द्रमुक के वरिष्ठ मंत्री उपेक्षित महसूस करते हैं। स्टालिन के बेटे का प्रभाव युवा मंत्रियों पर ज्यादा है। धीरे–धीरे स्टालिन अपने पुत्र उदयनिधि को पार्टी के साथ सरकार में भी शामिल कर रहे हैं, जिससे पुराने नेताओं में बहुत ज्यादा असंतोष है। 2024 का लोकसभा चुनाव और 2026 का विधानसभा चुनाव द्रमुक के लिए परीक्षा की घड़ी होंगे।

# ऑपरेशन विजय प्रमुख ने अपने जन्मदिन पर नाबालिक एवं बिना शादीशुदा लड़कियों को दिया अहम संदेश



कानपुर। गैर राजनीतिक, देशव्यापी, देश के कई महामहिमों द्वारा सराहनीय एवं 2011 से सभी सामाजिक बुराइयों को मिटाने हेतु संघर्ष कर रहे, ऑपरेशन विजय बुराइयों के खिलाफ जंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवमंगल सिंह (आई.पी.) जो कभी अपना जन्मदिन नहीं मनाते थे, अबकी बार उनके 57वें जन्मदिन पर उन्हें बधाई देने उनके सैकड़ों शुभचिंतक बिना उन्हें बताएं ऑपरेशन विजय कार्यालय कानपुर केक एवं उनके स्मृति चिन्ह लेकर पहुंचे। अपने शुभचिंतकों की भावनाओं के मध्य नजर ऑपरेशन विजय प्रमुख शिवमंगल सिंह आईपी ने अपना 57वाँ जन्मदिन अपने शुभचिंतकों के साथ बड़ी ही सादगी में मनाया। उपरोक्त जानकारी देते हुए, ऑपरेशन विजय प्रमुख शिवमंगल सिंह आईपी ने अपने जन्मदिन पर बधाई देने वाले अपने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में नाबालिक एवं लव मैरिज के आधार पर हुई शादी वाली लड़कियों के साथ हो रही खतरनाक दरिंदगी एवं खतरनाक तरीके से हो रही हत्याएं समाज के लिए खतरनाक एवं चिंतनीय है। जिन्हें रोकने के लिए उन्होंने समाज की नाबालिक एवं बिना शादीशुदा लड़कियों एवं युवाओं को सुझाव एवं नसीहत देते हुए कहा कि आजकल नाबालिक एवं बिना शादीशुदा लड़कियों के पास जो लड़के प्रेम व प्यार का प्रस्ताव लेकर आते हैं, उनमें अधिकांश दरिंदगी मानसिकता वाले होते हैं, जो लड़कियों को अपनी मीठी–मीठी एवं प्यार की बातों में फंसा कर उन्हें पहले अपने परिजनों से अलग करते हैं, फिर उनके साथ खतरनाक दरिंदगी एवं खतरनाक तरीके से उनकी हत्या करते हैं। जिसका उदाहरण समाज का दिल दहला देने वाली श्रद्धा नामक लड़की की घटना है, जिसमें उसके प्रेमी ने जिस तरह से 35 टुकड़े कर लड़की की दरिंदगी के बाद हत्या की यह ना सिर्फ समाज को कलंकित करने वाली घटना है, बल्कि पूरे समाज का दिल दहला देने वाली घटना है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए युवा खासकर नाबालिक एवं बिना शादीशुदा लड़कियों को किसी भी प्रेमी के प्यार में ना फंस कर अपने माता–पिता एवं परिजनों को विश्वास में लेकर ही प्यार एवं शादी जैसा कदम उठाना चाहिए। बिना परिजनों को विश्वास में लिए प्यार एवं शादी का कदम उठाने वाले अधिकांश लड़कियों एवं लड़कों का हर्स्य खतरनाक होता है, जिसके आए दिन सैकड़ों मामले प्रकाश में आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि श्रद्धा जैसी घटनाएं समाज में रोकने के लिए समाज की गर्लफ्रेंड ब्वॉयफ्रेंड जैसी नई बन रही प्रथाओं को प्रतिबंधित करना होगा। और ऐसी प्रथाओं को यदि प्रतिबंधित नहीं किया गया आरोग्य कुछ तो हमारा युवा खतरनाक स्थिति में पहुंच जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा की ऑपरेशन विजय बुराइयों के खिलाफ जंग लड़कियों के साथ हो रही खतरनाक दरिंदगी एवं हत्याओं को रोकने के लिए विशेष कार्य योजना पर मंथन कर रहा है, और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश एवं केंद्रीय सरकार से कानून बनाकर रुकवाने हेतु अति शीघ्र सख्त कदम उठाएगा।

# सनातन धर्म साहित्य प्रकोष्ठ ने किया पदाधिकारियों का मनोनयन

भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध एवं युवाओं को उचित मार्गदर्शन के लिए कार्य कर रही पंजीकृत संस्था सनातन धर्म साहित्य प्रकोष्ठ की आभासी बैठक वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती अर्चना श्रेया की अध्यक्षता में एवं मुख्य अतिथि ध्संस्थापक आचार्य कन्हैया प्रसाद नौटियाल के सानिध्य में नव पदाधिकारियों के मनोनयन हेतु 20.11.2022 कोआयोजित की गई। कार्यक्रम में संस्थापक की अनुमति और अध्यक्षा के निर्देश पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं संस्था के राष्ट्रीय महासचिव श्री सुधीर श्रीवास्तव ने नवनियुक्त पदाधि ाकारियों को ससम्मान मनोनयन पदभार सौंपा तथा अपने अपने पदों पर यथाशक्ति अपने दायित्वों के निर्वहन की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जानी–मानी कवियित्री श्रीमती प्रतिभा सिंह ने बहुत ही सुंदर ढंग से किया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कानपुर नगर के शिक्षक एवं साहित्यकार श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी,शिक्षक एवं वरिष्ठ साहित्यकार महेश चंद्र शर्मा को राष्ट्रीय संगठन सचिव, मध्य प्रदेश के साहित्यकार, सतीश शिकारी को मध्यप्रदेश का अध्यक्ष विशाल लोधी को मध्य प्रदेश का सचिव,साहित्यकार श्री निरंजन कुमार को राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष, साहित्यकार कुँवर आनंद श्रीवास्तव को उत्तरप्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष,प्रभात राजपूत को उत्तरप्रदेश का महासचिव, दीप नारायण झा जी को महासचिव झारखंड मनोनीत किया गया। इसके साथ ही जिला अध्यक्षों के रूप में साहित्यकार व इंजी. श्री प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव को सीतापुर का जिला अध्यक्ष,वरिष्ठ साहित्यकार श्री पारितोष अरोड़ा को फिरोजाबाद का जिलाध्यक्ष, एवं श्रीमती प्रतिभा सिंह को लखनऊ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। संगोष्ठी में इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रुप में परिषद के उ.प्र. अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्र, झारखंड प्रदेश अध्यक्षा ममता मनीष सिन्हा, हिमानी पंत, पल्लवी भारद्वाज, मनजीत कौर जी सहित सभी नव मनोनीत पदाधिकारी उपस्थित रहे। नव पदाधिकारियों ने मनोनयन हेतु परिषद और राष्ट्रीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# आधा दर्जन वारंटियों को रौ नाही पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा




बीकापुर सोहावल अयोध्या सोहावलध्अयोध्या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा एक अभियान चलाकर आधा दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार को वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए गए अभियान में पुलिस टीम में शामिल एस एस आई मो. सुहेल खान, एस आई अशोक कुमार, कांस्टेबल राम प्रवेश, राहुल यादव, चौकी इंचार्ज, रवीश कुमार यादव, धनंजय पासवान, पवन अत्री, रमेश कुमार, मेराजुल हसन, अजित सिंह, आशीष कुमार, राजेश कुमार ने वारंटियों में शामिल शोभनाथ वर्मा जुगवा पुर, पृथ्वी पाल कट्रौली, जतन वर्मा दिगंबर पुर, राम सुभा वन वर्मा बरवा पराना पुर, रविन्द्र वर्मा गाली पुर, जो कि विभिन्न मामलो में वांक्षित चल रहे थे। गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आधा दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## अयोध्या फेको सेंटर के सहयोग से आयोजित हुआ नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

बीकापुर सोहावल अयोध्या तारून ध्अयोध्या अयोध्या जिले के तारून विकासखण्ड क्षेत्र के घुरिटीकर ग्रामसभा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय चांदपुर अयोध्या फेकों सेंटर के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन। यह नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का मुख्य आयोजक हरिश्चन्द्र निषाद सदस्य जिला पंचायत तारून द्वितीय के सहयोग से लगाया गया। बताया गया की 120 मरीजों के आंख का जांच और उपचार किया गया। और नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में आए हुए मरीजों का नेत्र परीक्षण करके नि:शुल्क दवा वितरण किया गया।लगभग दो दर्जन मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए अयोध्या फेंको सेंटर एम्बुलेंस की सहायता से ले जाया गया । आयोजित नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में डॉ. अरुण सिंह ने अपने स्वस्थ टीम के साथ शिविर में मौजुद रहे। और उन्होंने शिविर में आए हुए मरीजों का नेत्र परीक्षण किया । शिविर के मुख्य आयोजक जिला पंचायत सदस्य हरिश्चन्द्र निषाद ने बताया कि क्षेत्र में लगातार नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन होने से क्षेत्र के गरीबों को काफी सुविधा मिल रही है। चिकित्सा शिविर के बारे में पवन जलवंशी (बी.डी.सी) ने बताया कि इस कैंप के माध्यम से छेत्र की जनता को काफी सुविधा मिल रहीं है।

# निरूशुल्क चिकित्सा शिविर लॉर्ड बुद्धा चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा जनमानस के कल्याण हेतु लगाया गया




वाराणसी। सिंहपुर, रिंगरोड स्थित बाबा दंडनदास कुटिया पर निरूशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सा शिविर में मुख्य रूप से डॉ0 राकेश कुमार सिंह, डॉ0 शुभम, डॉ0 रविन्द्र कुमार, डॉ0 रुपेश, डॉ0 प्रिया शर्मा, डॉ0 अंकिता ने विभिन्न रोगों से सम्बंधित 54 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं परीक्षण के पश्चात लोगों को रोगों से सम्बंधित जानकारी दी गई, इसके पश्चात सभी रोगियों को निरूशुल्क दवा वितरण भी किया गया। उक्त अवसर पर ट्रस्ट की सचिव श्रीमती सुनयना, अध्यक्ष जी एवं समाजसेवी अजय कुमार दूबे ने पुनीत कार्य के लिए सभी लोगों को धन्यवाद दिया।

# गोद लिए प्राथमिक पाठशाला में सिखाया शुभकामना पत्र बनाना



कानपुर ।आज दिनांक 21 नवंबर, 2022 को मा. राज्यपाल महोदया के दिशा निर्देशों के आधार पर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा गोद लिए नवीन प्राथमिक विद्यालय रावतपुर में कृषि विज्ञान केंद्र, दलीप नगर, कानपुर देहात के वैज्ञानिकों ने कैंप का आयोजन किया। जिसमें विश्वविद्यालय की तरफ से स्कूल के कॉर्डिनेटर व कृषि विज्ञान केंद्र के फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ अजय कुमार सिंह ने बच्चो को पर्यावरण सुरक्षा के बारे में बताते हुए जल संचयन की जानकारी दी। केंद्र की प्रभारी डॉ मिथिलेश वर्मा ने बच्चो को पोषण युक्त भोजन के बारे में बताया। डॉ शशिकांत पशुपालन वैज्ञानिक ने बच्चो को दूध की उपयोगिता बताते हुए कहा की अगर दूषित दूध का प्रयोग करेंगे तो डायरिया व अन्य संक्रमणों का शिकार हो सकते हैं। डॉ निमिषा अवस्थी ने शुभकामना संदेशों के बारे में बताते हुए विभिन्न प्रकार के ग्रीटिंग कार्ड बनाना बताया। अंत में डॉ अजय कुमार ने कहा की सब बच्चे कार्ड बनाना अच्छे से सीखें फिर एक दिन कार्ड बनाने की प्रतियोगिता करवायेंगे और बच्चो को पुरस्कृत भी करेंगे। कार्यक्रम में उप बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री कटियार भी उपस्थित रहे व कैंप का आयोजन देख कर प्रसनन्ता व्यक्त की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री गोपाल मिश्रा व 2 शिक्षिकाओं समेत 30 बच्चे उपस्थित रहे।

## कानपुर आईआईटी में रीजनल स्पोर्ट बोर्ड यूपी के सिलेक्शन ट्रायल क्रिकेट मैच की हुई शुरुआत

आपको बता दें कि कानपुर के कल्यानपुर स्थित आईआईटी में सेंट्रल गवर्नमेंट का रीजनल स्पोर्ट बोर्ड यूपी के सिलेक्शन ट्रायल क्रिकेट मैच की आज से शुरुआत हो गई है। खेल अधिकारी उत्तर प्रदेश आयकर विभाग अनुराग बाजपेई ने बताया कि कल 22 तारीख को पूरी सेंट्रल गवर्नमेंट के आर एस बी यूपी की टीम सेलेक्ट होगी ।ट्रायल कल 10:00 बजे से शुरू होंगे।



# हीरक जयंती पर सम्मान समारोह सह लोकार्पण




पटना साहिब मारवाड़ी विद्यालय का इतिहास स्वर्णिम रहा है।हीरक जयंती का आयोजन होना अपने आप में गौरव का विषय है । ये बातें जयंती समापन समारोह पर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए दूरदर्शन के कार्यक्रम निदेशक डा. राज कुमार नाहर ने कही । बतौर मुख्य अतिथि डा.ब्रह्मानंद पांडे ने कहा आयोजन एक औषधि है,जिससे छात्रों में नव ऊर्जा का संचार होता है।विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद डा. ध्रुव कुमार ने कहा बच्चों आप सीधे किताब जुड़ें ,यही आपका सच्चा साथी है।पूर्व प्राचार्य पुनीत किशोर रजक,पूर्व प्रभारी प्राचार्य मनोज कुमार,समाजसेवी रमेश अग्रवाल,दूधेश्वर प्रसाद गुप्ता ने समवेत स्वर में कहा शैक्षिक विकास में जो भी कार्य करना होगा हम सभी तन मन और धन से करेंगे।मौके पर पूर्व छात्र वरिष्ठ साहित्यकार सह पत्रकार प्रभात कुमार धवन के साथ ही ढ़ाई दर्जन लोगों को उनकी कार्य कुशलता के लिये अंग वस्त्र,सम्मान पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। श्री धवन ने कहा आज मैं अपने विद्यालय में पाँच प्राचार्य के हाथों आशीर्वाद पाकर गौरव महसूस कर रहा हूँ,इसका श्रेय संयोजक अनिल रश्मि जी को जाता है।मौके पर स्मारिकाश्स्पर्शश्का लोकार्पण भी हुआ।अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य अनिल रश्मि ने कहा यह गौरव पूर्ण पल का साक्षी तो मैं बना,उससे कहीं ज्यादा खुशी इस बात की है कि यह आयोजन मेरे नेतृत्व में हुआ।छात्र मनोयोग से पढ़ें और बड़ा बनकर इतिहास रचा।मंच का संचालन नेक आलम और जितेंद्र कुमार पाल ने किया।कार्यक्रम का संयोजन दूधेश्वर प्रसाद गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन देव मुनि साह ने किया।अंत में राष्ट्रगान हुआ। मीडिया प्रभारी नितिन कुमार वर्मा ने सभी को शुभकामनाएं दी ।

# पीसीआई के डॉ सत्यम भास्कर मिस्टर डायनेमिक स्पेशल बने




दिल्ली। द्वारका के पेसिफिक डी 21 मॉल में मिस्टर डायनेमिक की प्रतियोगिता मिस बोल्ड एंड ब्यूटीफुल द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमें देश भर के कुल 24 प्रतियोगी का चयन रेंप वाक के लिए हुआ था। सेमीफाइनल राउंड में सात व फाइनल में तीन का चयन हुआ। वहीं डॉ सत्यम आखिरी राउंड में चयनित हुए और मिस्टर डायनेमिक स्पेशल 2022 का टाइटल अपने नाम कर लिया। ज्यूरी राउंड में डॉ सत्यम भास्कर से सफलता क्या है पूछा गया। डॉ सत्यम ने बताया , जब जिंदगी आपको खुश रखे और लोग आपको अपने दिल में जगह देने लगे, आपकी खुशियों के भागीदार आपकी मिट्टी के लोग हों तब उसे सफलता कहते हैं। ज्यूरी सहित सभी दर्शकों ने तालियों से अभिवादन किया। ज्यूरी ने फिर कविता गाने को कहा और डॉ भास्कर ने मैं उनको याद करता हूं गाकर महफिल को सराबोर कर दिया।आपको बता दें कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ सत्यम भास्कर भ्रमरपुर जमुई बिहार से हैं और पीसीआई के केंद्रीय कार्यकारी अधिकारी व एन एन एच एस ए के वरिष्ठ व्याख्याता है।

## 201 कवियों ने किया देश के अशोक चक्र विजेताओं पर लगातार 10 घंटे दोहों में ऑनलाइन काव्यपाठ



मंडला––साहित्य एवं संस्कृति की वैश्विक संस्था अंतरराष्ट्रीय शब्द सृजन,गाजियाबाद द्वारा 20 नवम्बर को अशोक चक्र विजेताओं पर ऑनलाइन काव्य पाठ फेसबुक लाइव के माध्यम से हुआ। जिसमें भारत सहित पूरे विश्व के 201 रचनाकारों द्वारा मात्र 10 घण्टों में अशोक चक्र विजेताओं पर लिखे गए दोहों का कविता पाठ किया।अब कवियों से संकलित दोहों के आधार पर कालजयी ग्रन्थ का प्रकाशन भी किया जाएगा।इस अनूठे आयोजन में मंडला,मप्र से सुपरिचित वरिष्ठ साहित्यकारध् शिक्षाविद् अनेक कृतियों के सृजक प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे ने भी अशोक चक्र कर्नल जसराम सिंह पर समूह–1 के अंतर्गत दोहों के रूप में शानदार काव्यपाठ किया।अंतरराष्ट्रीय शब्द सृजन के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि हिंदी साहित्य में इस प्रकार का पहला आयोजन हुआ। जब अशोक चक्र विजेताओं पर दोहा छंद में लिखाया गया है। पूरे विश्व के रचनाकार इस अनूठे आयोजन हेतु इस कार्यक्रम को लेकर अति उत्सुक रहे।

# बुंदेली में जनजागरूकता अभियान



खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय दिल्ली व क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निर्देशक श्री कबीर जी ,राज्य रा.से.यो. अधिकारी डॉ. समरेंद्र सिंह अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा व जिला संगठक श्री योगेन्द्र तिवारी के निर्देशन तथा श्रीमती इंदु अग्रवाल प्राचार्य शा उ मा वि कोरबा के संरक्षण व सुश्री मंजूलता भारत व प्रभात शर्मा कार्यक्रम अधिकारी श्री अरुण कुमार लांझी सहायक कार्यक्रम अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में रा से यो के स्वयंसेवकों नें बुंदेली ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम छापरभांठा में श्रम दान, नारे, स्लोगन नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशामुक्ति, साक्षरता, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, आजादी के अमृत महोत्सव आदि शासन के जनउपयोगी योजनाओं की जानकरी दी, जिससे समस्त ग्रामवासी लाभान्वित हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस इकाई के स्वयं सेवकों अंजलि मिरि, तान्या गोस्वामी, पूजा साहू, शिवा साहू, उमेश टंडन रमेश,ज्योति बरेठ,गंगा कंवर, रमेश, मनीष, शीला, पुष्पराज साहू, शिवम मनहरण, ज्योति बरेठ आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# एआरपी की जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



जनपद हरदोई में जिला संसाधान केंद्र हरदेवगंज नगर क्षेत्र हरदोई पर 21 नवंबर दिन सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरदोई वी.पी. सिंह के दिशा निर्देशन में दस विकासखंड के एआरपी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय अशोक कुमार ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के किये एआरपी का अहम रोल है क्योंकि वह धरातल से जुड़ा होता है। उन्होंने प्रत्येक विकास खण्ड में अच्छा कार्य करने वाले 2 विद्यालय व 2 शिक्षकों का विवरण भी मांगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक माह हम लोग कम से कम एक बार इस तरह साथ मे बैठकर कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अवश्य चर्चा करेंगे। जिला समन्वयक प्रशिक्षण राकेश शुक्ला द्वारा प्रेषित गुणवत्ता डैशबोर्ड रिपोर्ट को समस्त एआरपी को पढ़कर सुनाया गया। अच्छा कार्य करने वाले एआरपी से प्रेरणा लेकर अन्य को भी अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। जनपद हरदोई के एसआरजी सदस्य आशीष कुमार मिश्र द्वारा समस्त एआरपी को निपुण ब्लॉक कार्ययोजना बनाना बताया गया। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की जिम्मेदारी हम लोगों को दी गयी है जिसको हम सभी को मिलकर एक पवित्र मन से करना है। प्रेरणा गुणवत्ता ऐप से सम्बंधित कुछ जिज्ञासाओं के बारे में भी चर्चा की गयी। उन्होंने समस्त विद्यालयों में निपुण विद्यालय कार्ययोजना बनाये जाने के सम्बन्ध मे मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने निपुण हरदोई के स्वप्न को साकार करने के लिए एआरपी को आवंटित 10 विद्यालय एवं शिक्षक संकुल के विद्यालय से प्रयास प्रारम्भ किये जाने का संदेश दिया । एसआरजी सदस्य शशांक मिश्र ने कहा कि जिस प्रकार अर्जुन को लक्ष्य प्राप्ति के लिए सिर्फ चिड़िया की आँख दिख रही थी ठीक उसी प्रकार हम सभी का ध्यान निपुण विद्यालय व निपुण ब्लॉक बनाने की ओर रहना चाहिए जिससे जनपद हरदोई शीघ्र निपुण जनपद बनकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनन्द जी के सपने निपुण प्रदेश को साकार करने में कदम बढ़ा सकें। एआरपी अभय सिंह ने प्रत्येक माह के शनिवार को होने वाली समस्त एआरपी की आपसी बैठक के बिंदुओं को बताया। उन्होंने एआरपी द्वारा किये जा रहे सपोर्टिव सुपरविजन के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की ।बैठक में प्रमुख रूप से अभिषेक कुमार मिश्र, सचिन मिश्र,जहान सिंह, अभिषेक तिवारी, राजेश कनौजिया, रजनीश द्विवेदी, अजय कुमार सिंह , शिव दयाल सिंह, अजय सिंह, राम मिलन चक्रवर्ती, शिवम गुप्ता, संजय कुमार, रजनीश देवल, विमल किशोर पाठक,अरविंद गौतम, शचीन्द्र शुक्ला आदि एआरपी उपस्थित रहे।

# राजधानी लखनऊ मानक नगर आईडी शो में हर वर्ष की तरह बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया महिला सुरक्षा जन समति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप कुमार कनौजिया जी का जन्मदिन



काफी सम्मानित व्यक्ति पत्रकार बंधु एवं परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे एवं जन्मदिन की ढेर सारी बधाइयां दी और लंबी उम्र की कामना की किसी ने दुआ की किसी ने प्रार्थना की एवं काफी इंतजाम रहे लोगों के भोजन के लिए बड़ी खुशी का माहौल था परिवार के लोग बहुत ही खुश थे एवं सभी आए हुए पत्रकार बंधु सम्मानित व्यक्ति सभी परिवार के लोग भी बहुत ही खुश थे लंबी उम्र की कामना की अच्छे भविष्य को लेकर भी कामना की गई बहुत ही सराहनीय कार्य करते हैं महिलाओं के उत्पीड़न से लेकर हर किसी के सुख दुख मुसीबत में खड़े होते हैं महिला सुरक्षा जन समति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप कुमार कनौजिया जी का यही अंदाज सब को लुभाता है और जनता के पति उन्हें अच्छा सपोर्ट मिलता है जिससे वह लगातार फेमस हो रहे हो आगे बढ़ रहे हैं आने वाला समय दूर नहीं जब वह एक ऊंचे मकान पर बैठे होंगे सभी लोगों ने प्रार्थना एवं दुआ की है जल्द से जल्द अपना मुकाम हासिल करें सभी लोग खुश हैं महिला सुरक्षा जन समति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप कुमार कनौजिया जी ने जन्मदिन पर पत्रकारों के लिए भी आवाज उठाई है विषय पत्रकारों के साथ हो रहे अत्याचार व पत्रकारों की हत्या पत्रकारों पर संगीन धाराओं में 376 , 354 व पत्रकारों फर्जी रंगदारी जैसे मुकदमे लाद दिए जाते हैं दबंग गुंडे माफिया भ्रष्टाचारी नेता भ्रष्टाचारी पुलिस कर्मियों की मिलीभगत से फर्जी मुकदमे लाद दिए जाते हैं पत्रकारों पर सच्चाई उजागर करने को लेकर व पत्रकारों का बीमा पत्रकारों के परिवार को दुर्घटना पर एक करोड़ की सहायता राशि परिवार के सदस्य में एक को सरकारी नौकरी पत्रकारों को महीने की सैलरी 15000 वेतन पत्रकारों को सरकार की तरफ से सरकारी योजना में हर पत्रकार को एक मकान दिया जाए पत्रकारों पर पुलिस प्रशासन के द्वारा अभद्र व्यवहार और पत्रकारों पर झूठे मुकदमों पर रोक लगाने एवं पत्रकारों के ऊपर उत्तर प्रदेश में जितने भी फर्जी मुकदमे लगे हैं उच्च स्तरीय जांच कराकर सारे मुकदमे वापस लिए जाएं पत्रकारों को मान सम्मान के साथ रिहा किया जाए जो पत्रकार दोषी हैं उन पर कठोर कार्रवाई की जाए निर्दोष पत्रकारों को रिहा कराने के साथ – साथ पत्रकारों को उचित सुविधाएं मुहैया कराने के बारे में एवं बिना मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार नए कानून को पास करने की कृपा करें पत्रकार भारत मां की आंख है पत्रकार भारत की कलम है पत्रकार भारत की रीढ़ की हड्डी है पत्रकार भारत का चौथा स्थान है लोकतंत्र की सुरक्षा की भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है सरकार इस पर ध्यान दें एवं महिला सुरक्षा जन समति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप कुमार कनौजिया जी के जन्मदिन पर मौजूद रहे पिता रामदीन कनौजिया माता सुधा कनौजिया भाई दीपू कनौजिया बहन चांदनी कनौजिया बहन लक्ष्मी बहन राखी बहन रीना बहन कोमल भाई राहुल जीजा कैलाश जीजा रामतीरथ जीजा मनोज भाभी पूजा एवं केन्द्रीय पत्रकार हेल्प एसोसिएशन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अनीस अंसारी एवं सच की आवाज न्यूज चौनल से प्रधान संपादक अनीस अंसारी , व भारत न्यूज प्रधान संपादक पत्रकार देवा सिंह , पावर ऑफ जनाधिकार हिंदी समाचार पत्र पत्रकार राजेश कुमार , पत्रकार राजा सिंह शार्प मीडिया ब्यूरो चीफ लखनऊ , जिला पत्रकार अंकित तिवारी दैनिक अयोध्या टाइम्स वरिष्ठ पत्रकार लोक समाचार लखनऊ , पत्रकार महावीर यादव तुषार की आवाज हिंदी दैनिक समाचार पत्र , ओसामा रिजवी चीफ एडिटर भारत की बात लखनऊ ,पत्रकार कोमल गौतम भारत की बात लखनऊ , पत्रकार जीशान लखनऊ एबीएन न्यूज चौनल प्रधान संपादक मोहम्मद अरशद अली , सह संपादक मनोज कुशवाहा , जसवंत गौतम , कुलदीप दीक्षित , लखनऊ से बी.एस.सी.बी.यु. एम.एस,एम.डी. प्रभारी पश्चिम विधानसभा–चिकित्सा प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी श्री डॉक्टर मोहम्मद इरशाद , पत्रकार जीशान अंसारी एवं सभी लोग मौजूद रहे।

# बेंगलुरु टेक समिट (बीटीएस-22) में अल्पाइन इंक के GATE Q का हुआ प्रदर्शन




एशिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट बेंगलुरु टेक समिट 2022 (बीटीएस 2022) के रजत जयंती समारोह का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बेंगलुरु में वर्चुअली उद्घाटन हुआ द्य यह एशिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी इवेंट है द्य टेक इवेंट का सिल्वर जुबली संस्करण Tech4NeÛGen थीम के साथ आयोजित किया गया था द्य इस तीन दिवसीय तकनीकी कार्यक्रम के दौरान नौ समझौता ज्ञापन (एमओयू) और 20 उत्पाद लॉन्च किए गए द्य इस अवसर पर बेंगलुरु के 12 से अधिक स्टार्ट–अप जो पिछले वर्ष यूनिकॉर्न के रूप में उभरे हैं, उन्हें बेंगलुरु इम्पैक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में 550 से अधिक प्रदर्शक इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहे द्य एक्सपो में करीब 50,000 दर्शक आए इस प्रदर्शनी में रॉबर्ट बॉश, किंड्रिल, शेल, बिल्डर एआई, पेटीएम, जोहो, माइक्रोन, एसीटी, कैश फ्री, रेजरपे, बायोकॉन, एक्सेंचर, ऑरिजीन, इंटेल और फिनिसिया जैसे आईटीई और बायोटेक ने मुख्य रूप से प्रदर्शनी में भाग लिया द्य आयोजकों के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय पवेलियन में कनाडा, नीदरलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, यूके, दक्षिण कोरिया और डेनमार्क शामिल हुए एशिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट बेंगलुरु टेक समिट 2022 में श्री अमित कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर, अल्पाइन इंक भी आमंत्रित थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में संइ में बने Gate Q & Crowd Management Tool के विषय में विस्तृत जानकारी दी द्य भीड़ प्रबंधन उपकरण (CMT) के अनेक लाभ हैंस इससे स्कूल के मुख्य द्वार पर भीड़ एकत्रित नहीं होगीस कड़ी निगरानी रखते हुए अध्यापक अभिभावकों को आसानी से पहचानकर उन्हें बच्चे सौंप सकते हैंस स्कूल में अनुशासन का पालन किया जाएगा स स्कूल प्रबंधन को भी अतिरिक्त कर्मचारियों की आवश्यकता नहीं होती द्य अल्पाइन इंक के ळ।ज्म फ उपकरण को स्टाल नंबर` 126 पर प्रदर्शित किया गया था द्य सभी दर्शकों ने इसकी भूरि–भूरि प्रशंसा की ।

# प्रसिद्ध जैन तीर्थ पद्मावती धाम खेकड़ा में हुई मां की भक्तिमय आराधना



बागपत के प्रसिद्ध जैन तीर्थो में शुमार चमत्कारी श्री 1008 पार्श्वनाथ धरणेन्द्र पद्मावती धाम खेकड़ा में मां पद्मावती की भक्तिमय आराधना की गयी। मां की भक्तिमय आराधना उत्तर भारत के प्रसिद्ध जैन संतो में शुमार गणिनी आर्यिका श्री 105 सरस्वती माताजी के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुई। प्रसिद्ध भजन गायक हिमांशु अग्रवाल और टी–सीरिज फेम अंकित जैन ने माँ पद्मावती के एक से बढ़कर एक भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। मां पद्मावती की भक्ति आराधना में चौकी नमनकर्त्ता का सौभाग्य विजय कुमार, दीपा जैन, रजत जैन, स्वाति, सिरीचि, विराज मेरठ, रेशमा जैन पत्नी शैलेन्द्र जैन पुत्र मानव जैन कौशाम्बी को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की आयोजन कर्त्ता श्री 1008 पार्श्वनाथ धरणेन्द्र पद्मावती दिगम्बर जैन मन्दिर समिति ने आने वाले समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पद्मावती धाम के अध्यक्ष शिखरचन्द जैन रिच्छाराम जैन, धाम की प्रबन्ध समिति के मुख्य संयोजक सुनील जैन, संयोजक लाजपतराय जैन, महामंत्री अंकुश जैन, मंत्री नरेश जैन, जनेश्वर दयाल जैन सहित समस्त समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर भारतीय जैन महासंघ के उत्तर प्रदेश महामंत्री अमित जैन टटीरी, खेकड़ा इण्ड़ेन गैस के प्रोपराईटर योगेन्द्र जैन, शैलेन्द्र जैन, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित पत्रकार विपुल जैन, अजय जैन शिखर जैन, विवेक जैन, ऋषभ जैन अजय जैन, दीपा जैन अजय जैन, वैभव जैन, संभव जैन, संतोष जैन बागपत सहित दिल्ली एनसीआर से आये सैंकड़ो श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# त्रिलोक तीर्थ में धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ गुरूमन्दिर प्रतिष्ठा महोत्सव



श्री 1008 भगवान पार्श्वनाथ प्राचीन दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र बड़ागांव के निकट स्थित विश्व प्रसिद्ध त्रिलोकतीर्थ में गुरूमन्दिर प्रतिष्ठा महोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। जैन समाज के प्रसिद्ध संतो में शुमार त्रिलोकतीर्थ प्रणेता परम पूज्य आचार्य श्री विद्याभूषण सन्मतिसागर जी महाराज की जन्म जयंती के अवसर पर उनके भक्तों द्वारा मनोहारी व सुरम्य गुरूमन्दिर का निर्माण करवाया। प्रतिष्ठा महोत्सव में देशभर के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं ने शिरकत की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को जैन समाज के अनेकों साधु–संतो, आर्यिकाओं का मंगल सानिध्य प्राप्त हुआ। राष्ट्र ऋषि, सिंहरथ प्रवर्तक, त्रिलोकतीर्थ प्रणेता परम पूज्य आचार्य श्री विद्याभूषण सन्मतिसागर जी महाराज की अद्धभुत प्रतिमा हर किसी का ध्यान अपनी और आकर्षित कर रही थी। आने वाले श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री विद्याभूषण सन्मतिसागर जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष उनको नमन किया और पूजा–अर्चना की और आचार्य श्री के साथ की यादों को एक–दूसरे के साथ साझा किया। मेरठ से आये अविनेश जैन और सीमा जैन ने बताया कि आचार्य श्री विद्याभूषण सन्मतिसागर जी महाराज जैसी महान शख्सियत इस धरती पर कभी कभार ही जन्म लेती है। इस ऐतिहासिक अवसर पर श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री विद्याभूषण सन्मतिसागर जी महाराज की अद्धभुत प्रतिमा के साथ जमकर फोटों खींचे और हर लमहें को अपने कैमरे में कैद किया। इस अवसर पर त्रिलोक तीर्थ के प्रबन्धक त्रिलोक चंद जैन, प्रमोद जैन कुमार उद्योग बड़ौत, श्यामलाल जैन दिल्ली, प्रदीप त्यागी बड़ागांव, दीपक जैन साधुवृत्ति आश्रम बड़ागॉव, श्री 1008 भगवान पार्श्वनाथ प्राचीन दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र बड़ागांव के प्रभात जैन, जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र त्यागी, अविनेश जैन मेरठ, सीमा जैन मेरठ, अवि उर्फ आर्जव जैन मेरठ, आर्ची जैन मेरठ, राजीव जैन खेकड़ा, सुनीता जैन खेकड़ा, संजीव जैन खेकड़ा, संगीता जैन खेकड़ा, समकित जैन, अर्पित जैन, ग्राहपी जैन, आशी जैन, खेकड़ा जैन मिलन के अध्यक्ष मनोज जैन, रमेश चन्द जैन जग्गी डेरी बड़ौत सहित राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक, पुलिस, प्रशासनिक, न्यायिक आदि विभिन्न क्षेत्रों से आये हजारों श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# थाना कोतवाली कटरा पुलिस द्वारा पांच सौ ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



मिर्जापुर । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर श्संतोष कुमार मिश्राश द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है । उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांक:20. 11.2022 को प्रभारी निरीक्षक को0कटरा नवीन तिवारी मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर को0कटरा थाना क्षेत्र से एक नफर अभियुक्त परमेश्वर मौर्या पुत्र घनश्याम मौर्या निवासी कतवारू का पूरा थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0कटरा पर मु0अ0सं0–238ध्2022 धारा 8ध्20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालयध्जेल भेजा गया ।थाना को0देहात पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना को0देहात पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया । आज दिनांक:21.11.2022 को उ0नि0 कमलेश सिंह चौकी प्रभारी गुरसण्डी थाना को0देहात मय पुलिस बल द्वारा वारंटी 1.संतोष पुत्र सग्गल, 2.बाबूलाल पुत्र प्यारेलाल निवासीगण बेदौली कला थाना को0देहात जनपद मीरजापुर को उनके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया ।गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर अपराधी थाना चील्ह पुलिस द्वारा गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों, ईनामिया, जिलाबदर, वारण्टी व वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांक:21.11.2022 को उ0नि0 संजय कुमार मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चील्ह क्षेत्र से जिलाबदर अपराधी अरमान पुत्र रहीश निवासी लखनपुर मवैया थाना चील्ह जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना चील्ह पर मु0अ0सं0–158ध्2022 धारा 10 उ0प्र0गुण्डा नियंत्रण अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालयध्जेल भेजा गया । जिलाबदर अभियुक्त अरमान उपरोक्त को जिलाधिकारी मीरजापुर के आदेश से दिनांक:22.09.2022 से जनपद मीरजापुर की सीमा से 03 माह के लिए जिलाबदर किया गया था । थाना जिगना पुलिस द्वारा युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद थाना जिगना, जनपद मीरजापुर पर दिनांक:19.11.2022 को थाना जिगना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बनवारीपुर बघेड़ा खुर्द निवासी हिन्चलाल पुत्र रामलखन द्वारा लिखित तहरीर बावत के पुत्र शिवनाथ को पुरानी रंजीश को लेकर नामजद अभियुक्तों द्वारा चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया । जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जिगना पर मु0अ0सं0–168ध्2022 धारा 307 भादवि बनाम रामदीन आदि 02 पंजीकृत विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए सन्दर्भित प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी जिगना को निर्देश दिए गये । उक्त निर्देश के क्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक:20.11.2022 को उ0नि0 छोटूराम मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना जिगना क्षेत्र से नामजद अभियुक्त रामदीन पुत्र भरतलाल बिन्द निवासी बनवारीपुर बघेड़ा खुर्द थाना जिगना जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया तथा निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद चाकू बरामद कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालयध्जेल भेजा गया ।

आवश्यकता है
झुग्गी झोपडी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
एवम्
JJ News Portal
के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले
के लिए संवाददाता, पेजमेकर आपरेटर,
विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो
चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !
सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,
पीएनबी एटीएम के पास

# अनौगी-जसपुरापुर में खाद की कालाबाजारी जारी

कन्नौज। खाद की किल्लत खत्म नही हो रही है जिससे किसानों की समस्याएं बरकरार है। जलालाबाद क्षेत्र के खाद समितियों में खाद नही मिल रही है जिसका फायदा प्राइवेट दुकानदार व पहले से सैंकडो बोरी डम्प करके बैठे खाद मांफिया उठा रहे है और जिससे किसानों को सौ से डेढ सौ रुपये प्रति बोरी के हिसाब से प्राइवेट दुकानदारो से खरीदनी पड रही है। ऐसे में किसान विवश है सरकार के नुमाइन्दे जमकर लुफ्त उठा रहे है जहां छोटा किसान यहां सरकार की बोरियों की तरफ निगाह डाले बैठा है तो वही दूसरी ओर खाद माफिया समितियों में अपना प्रभाव बनाके पहले ही सैकड़ो बोरी की खरीददारी कर चुके है कालाबाजारी व कृषि विभाग की हीलाहवाली के बीच किसान पिस्ता हुआ देखा जा रहा है। जो खाद सरकारी समितियों पर बिक रही थी वही खाद आब अव प्राइवेट दुकानों पर आंख बचाकर महगे दामों में बेची जा रही है इसमें कृषि विभाग की भूमिका संदिग्ध भी हो सकती है। आखिर किसानों की इतनी बड़ी समस्या को कृषि विभाग क्यो नजर अंदाज किये बैठा है। कृषि विभाग न समितियों में खाद भिजवा पा रहा है और न ही प्राइवेट दुकानों पर छापा डाल रहा है। ऐसे में तो यही प्रतीत होता कि कृषि विभाग की भूमिका संदिग्ध है। सरकार के जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधियों को भी इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए जिससे किसान की कमर तुड़ती हुई बच सके।

## जिलाधिकारी द्वारा गोवंश आश्रय स्थल कांजी हाउस गोराबारिक अमहट वि०ख० दूबेपुर का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

नवम्बर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा जिला पंचायत द्वारा संचालित गोवंश आश्रय स्थल कांजी हाउस गोराबारिक अमहट, विकास खण्ड दूबेपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय गोवंश आश्रय स्थल गोराबारिक में संरक्षित गोवंशों हेतु साफ–सफाई, खान–पान, भूषा, हरा चारा, दैनिक सत्यापन आदि का जायजा लिया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि स्थल पर संरक्षित गोवंशों हेतु भूषा, चारा व दाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध था। उन्होंने निर्देशित किया कि संरक्षित गोवंशों को पर्याप्त मात्रा में चारा व दाना दिये जायें।जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गोवंश के खान–पान एवं साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए दैनिक सत्यापनः निरीक्षण कर आवश्यक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराएं।

## यातायात माह के तहत ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल चालकों को किया गया जागरूक

यातायात माह 2022" के दृष्टिगत ट्रैक्टर–ट्रॉलियों में रिफ्लेक्टर टेप लगाकर ट्रैक्टर चालकों को किया गया यातायात नियमों के प्रति जागरूक। यातायात माह नवम्बर 2022" के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक संदना द्वारा मय टीम के ट्रैक्टर–ट्रॉलियों में रिफ्लेक्टर टेप लगाकर ट्रैक्टर चालकों को यातायात नियमोंध्सावधानियों जैसे– सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम, वाहन को ओवरलोड न करना, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने इत्यादि तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।



## ओपेन चौम्पियनशिप के लिफ्टिंग में डॉ0 दिनेश ने प्रदेश में पाया दूसरा स्थान



राज्यस्तरीय ओपेन चौम्पियन शिप के पॉवर लिफ्टिंग गेम 105 किलोग्राम के बॉडी वेट में डॉ0 दिनेश यादव ने 470 किग्रा का वेट उठाकर पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है । तथा आगामी 19 व 20 जनवरी को महाराष्ट्र के औरंगाबाद में होने वाले राष्ट्रीय लिफ्टिंग गेम में प्रतिभाग के लिए स्थान पक्का कर लिया है । बताते चलें कि 19 व 20 नवम्बर को लखनऊ के बाबू के डी सिंह स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय ओपेन चौम्पियन शिप के लिफ्टिग वेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ था । जिसमें देवरिया जिले से डॉ0 दिनेश यादव ने प्रतिभाग किया था । उन्होंने 105 किग्रा बॉडी वेट से 470 किग्रा का वेट उठाकर पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर जनपद का मान बढ़ाया है ।

उनकी इस उपलब्धि पर अस्पताल के स्टॉफ के साथ–साथ नगर क्षेत्र के उनके जानने वाले खासे उत्साहित हैं। पूर्व में भी वह सिविल सर्विसेस के प्रदेशस्तरीय खेल में दूसरा स्थान प्राप्त किया था । उनके इस सफलता पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेश झा, अपर चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह, डॉ0 आरपी यादव, डॉ0 बी एन गिरी, डॉ0 एस के राव, डॉ0 अनुपम दुबे सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है ।

## समस्या समाधान शिविर में पेंशन न मिलने की शिकायत करते रो पड़े दिव्यांग



कानपुर राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के समस्या समाधान शिविर शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में लम्बे समय से पेंशन न मिलने पर दिव्यांग शिकायत करते हुए रो पड़ेद्य

सरकार ने 8000 दिव्यांगों को के.वाई.सी. ना होने की वजह से पेंशन रोक दी हैद्य

तमाम दिव्यांगों की शिकायत है कि उनका आधार कार्ड मिसमैच है या नहीं बन पा रहा हैंद्य हांथों की उंगली या आंखों की पुतली न होने की वजह से उनका आधार कार्ड नहीं बन पा रहा हैद्य जिसकी वजह से उनकी के.वाई.सी. नहीं हो पा रही है शासन और प्रशासन इस तरह के दिव्यांगजनों की समस्याओं का समाधान करने में अक्षम साबित हो रहा हैद्य राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने बराबर इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी से लेकर के शासन व निदेशालय को ज्ञापन सौंपा है लेकिन आज तक समस्या का समाधान करने का प्रयास शासन और जिला प्रशासन ने नहीं किया है

राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने चेतावनी दी है की सरकार सभी दिव्यांगजन की पेंशन तत्काल जारी करे वरना सड़क पर उतर कर आन्दोलन किया जायेगाद्य उन्होंने आरोप लगाया की शासन दिव्यांग पेंशनरों की संख्या कम करने की साजिश कर रहा हैद्य जिसे बिलकुल बरदास्त नहीं किया जायेगा

आज इस सम्बन्ध में एक बैठक हुयी जिसमें राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार के अलावा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, गौरव कुमार, अरविन्द सिंह, बंगाली शर्मा, गुड्डी दीक्षित आदि शामिल रहे

## कस्बे के मोहल्ला भेड़ौरा में पारिवारिक कलह से व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हिंदी

कस्बे के मोहल्ला भेड़ौरा में पारिवारिक कलह से व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कस्बे मोहल्ला भेड़ौरा वार्ड नंबर चार के रहने वाले भोला दिवाकर 48 साल का शव घर में ही लटकता पाया गया। इसकी सूचना परिजनो ने तत्काल पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

## कवियों की वाणी से गूंजा अशोक चक्र विजेताओ का नाम,अशोक चक्र काव्योत्सव से रचा नया इतिहास




हिन्दी साहित्य के इतिहास में यह पहला अवसर था जब अशोक चक्र विजेताओं पर देश विदेश के 201 रचनाकारों ने ऑनलाइन फेसबुक लाइव के माध्यम से अपने सृजित दोहों का काव्यपाठ किया।

संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार पाण्डेय तथा महासचिव ओंकार त्रिपाठी के निर्देशन में सम्पन्न इस अनूठे आयोजन में देश के सभी अशोक चक्र विजेताओं पर देश विदेश के 201 कवियों की वाणी से उनकी त्याग साधना का वर्णन अपने काव्य पाठ किया गया। सबसे खास बात यह रही कि इस काव्य आयोजन में केवल दोहा छंद के माध्यम उनकी गौरव गाथा का गुणगान किया गया।

संस्था के कर्मठ पदाधिकारियों के हाथ में संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई। कोषाध्यक्ष अनुपमा पाण्डेय भारतीय, संगठन मंत्री ब्रज माहिर, मंत्री रजनीश स्वछन्द ,महिला इकाई अध्यक्ष कुसुमलता कुसुम,महिला इकाई महामंत्री गार्गी कौशिक, अमेरिका इकाई अध्यक्ष डॉ श्वेता सिन्हा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह श्रेयस, महाराष्ट्र इकाई अध्यक्ष डॉ रोशनी किरण के सराहनीय सहयोग से कार्यक्रम को अपार सफलता मिली।

इस अवसर पर दोहाकारों ने दिए गए विषय पर अपने दोहे पढ़े तो तालियाँ गूंजने लगी।

अंतरराष्ट्रीय शब्द सृजन के इस आयोजन का भव्य शुभारम्भ माँ सरस्वती की वंदना से हुआ छत्तीसगढ़ के सक्ती जिला के संगीत विद्यालय श्याम संगीत संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष श्याम कुमार चंद्रा के निर्देशन में तबला पर बद्री प्रसाद गबेल, प्रियल चंद्रा , बाँसुरी पर दुखु सिंह सिदार सहयोगी रामेश्वरी साहू, सूर्या देवी चंद्रा, मंजीरा पर शंकर प्रसाद साहू, हारमोनियम स्वयं निर्देशक जी ने संभाला। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ राजीव पाण्डेय ने बताया कि 201 कवियों को आठ समूहों में बांटा गया जिनका काव्य पाठ संस्था के फेसबुक पेज और समूह पर कराया गया।

इस कार्यक्रम में अमेरिका, जापान, यू के ई, इंडोनेशिया आदि देशों सहित भारत के लगभग सभी राज्यों से कवियों ने सहभगिता की।

कार्यक्रम के समापन पर संस्था के महासचिव ओंकार त्रिपाठी ने सभी सहभागी दोहाकारों का आभार प्रकट किया।

## युवा साहित्यकार राजेन्द्र कुमार मंडल को उत्तराखंड काव्य महोत्सव में मिलाष्साहित्य शिरोमणि सम्मान

अपनी साहित्यिक उपलब्धियां में ख्यातिप्रद जाने माने युवा साहित्यकार राजेन्द्र कुमार मंडल की उपलब्धि आसमान छूते जा रहे हैं। साहित्य जगत में नवांकुरों में उभरते साहित्यकर राजेन्द्र जी आधुनिकता के प्रेरक व्यक्तित्व में से एक है।

बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति रुद्रपुर उत्तराखंड काव्य महोत्सव ( दो बार विश्व रिकॉर्ड धारी) की ओर से कोशी क्षेत्र के जाने माने युवा साहित्यकार और समाजसेवी को ष्साहित्य शिरोमणि सम्मान ष्से सम्मानित किया गया।

बताते चलें की साहित्य के क्षेत्र में असीम उपलब्धियों को हासिल करते हुए साहित्य को समर्पित राजेन्द्र ने युवाओं की समस्याओं में जटिल समास्याओं को काफी ओजपूर्ण आवाज में सचित्र वर्णन करते हुए काव्य पाठ किया। उसने कहा –रुकते नहीं वे, झुकते नहीं वे,
रोटी की चिंता है उसे, जमीं पर पैर टिकते नहीं उनके।
डिग्रियां लिए दर दर भटकते,
ये आज के ऐसे लाचार हैं।
हमारे देश के ये बेरोजगार हैं,
हमारे देश के ये बेरोजगार हैं।




बड़ी आस लिए वे सपने देखते,
अध्ययन की फिक्र रहती जब,
ना घर बाहर अपने देखते।
एक–एक पैसे जुटाकर, भर्तियों के फॉर्म डालते लगातार हैं।
हमारे देश के ये बेरोजगार हैं,
हमारे देश के ये बेरोजगार हैं।।

विगत दिनों से लगातार ही साहित्य क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने में सफल राजेन्द्र कुमार मंडल के प्रसंशकों और पाठकों में बेहद खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि से सुपौल सहित बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से साहित्यकार राजेन्द्र कुमार मंडल को शुभकामनाएं प्रेषित की जा रही है।

सभी ने उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है। साहित्य जगत के अमूल्य धरोहर बनते जा रहे हैं युवा साहित्यकार राजेन्द्र कुमार मंडल लगातार युवाओं की समस्या पर प्रकाश डालते रहें हैं।

## नगर का समुचित विकास व नगर वासियों का सम्मान हमारी प्राथमिकता–अशोक दीक्षित



नगर पंचायत चुनाव की सरगर्मी इन दिनो नगर की प्रत्येक गलियों मे नजर आ रही है, पान की दुकान हो या गली मोहल्ला हो हर जगह सिर्फ चुनाव की चर्चा चल रही है, कि इस बार नगर का चेयरमैन किसे बनाया जाये, हालांकि मतदाता पूरी तरह से खुलकर सामने नही आना चाहता है, मगर उनकी मनोदशा देखकर लगता है कि नगर के मतदाता इस बार टूटी नालियों और जलभराव को लेकर काफी क्षुब्ध नजर आ रहे है,

एक मुलाकात के दौरान नगर पंचायत से दो बार अध्यक्ष रहे पूर्व चेयरमैन अशोक दीक्षित ने कहा कि उनके पिछले कार्यकालों मे जनता भय मुक्त थी, अधिकारी और कर्मचारी जनता के हितों को लेकर कार्य करते थे, नौकरशाही पर पूरी तरह से लगाम कसी गई थी, जो सभी के लिए हितकारी साबित हुई थी, वही प्रक्रिया फिर से दोहराई जाएगी, हर किसी को सम्मान मिलेगा, जनता को प्रत्येक योजनाओं का बगैर किसी भेदभाव के लाभ मिलेगा, उन्होंने कहा कि जिस तरह इस समय विकास के नाम पर लूट पाट मची हुई है, इसपर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जायेगा, गौशाला की दुर्दशा के बारे मे उन्होंने कहा कि गौशाला के भीतर गौमाता भूख प्यास से मर रही हैं, उनके लिये आया हुआ चारा भृष्टाचार की भेट चढ जाता है, धान का पुवाल खाकर गायें मर रही है, यहां पर गौर करने वाली बात यह है कि नगर पंचायत कर्मियों के हितैषी किसानों द्वारा अढाई सौ रुपये प्रति क्विंटल खेत से गन्ना खरीदकर गौशाला मे लाया जाता है, जबकि चारे मे गायें सिर्फ अगौला ही खाती हैं बाकी बचा हुआ गन्ना कहां जा रहा है,

उन्होंने यह भी कहा कि इस समय पूरे नगर मे जलभराव जैसी भीषण समस्या बनी हुई है, नालियों के लिये आया हुआ धन कहां जा रहा है, फांगिग के नाम पर सिर्फ डीजल से धुआं ही नजर आ रहा है वो भी सिर्फ जीटी रोड़ तक सीमित है, मच्छरों के द्वारा जनित डेंगू जैसी महामारी से पूरा प्रदेश तृस्त है लेकिन नगर पंचायत प्रशासन सिर्फ अपनी जेब भर रहा है, अगर इस बार जनता ने मुझे सेवा का अवसर प्रदान किया, तो इन समस्याओं का सुधार करके दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं।

## वीर सावरकर फाउंडेशन की आवश्यक मीटिंग संपन्न हुई




वीर सावरकर फाउंडेशन की एक अति आवश्यक बैठक शनिवार को जमशेदपुर सिटीजन फोरम के महासचिव डॉ हरि बल्लभ सिंह आरसी जी की अध्यक्षता में डॉ श्रीकृष्ण सिन्हा संस्थान में हुई।

बैठक में अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे। राहुल गांधी जी के द्वारा वीर सावरकर को गाली दिए जाने के वक्तव्य की कड़ी शब्दों में निंदा की गई।

अध्यक्ष डॉ हरि बल्लभ सिंह आरसी जी ने कहा कि देश की स्वतंत्रता में वीर सावरकर का सबसे बड़ा योगदान रहा। ऐसे महान क्रांतिकारी को अपशब्द बोलना उचित नहीं जान पड़ता। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस प्रकार का वक्तव्य देने वाले को इतिहास का जरा सा भी ज्ञान नहीं है।

धन्यवाद ज्ञापन वीर सावरकर फाउंडेशन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष धर्म चन्द्र पोद्दार ने किया। मीटिंग में डॉ हरि बल्लभ सिंह आरसी जी के अलावे धर्म चंद्र पोद्दार, डॉ अंगद तिवारी, डी एन सिंह, रंजीत कुमार शर्मा, अंजनी कुमार श्रीवास्तव एवं आशीष कुमार उपस्थित थे।

## खेलों से होता बच्चों का सर्वागीण विकास – लल्लू सिंह, सांसद ,फैजाबाद



अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्म नगरी अयोध्या। बेसिक शिक्षा परिषद की दो दिवसीय जनपदीय रैली का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्पोर्ट्स स्टेडियम मकबरा पर सोमवार को मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय और नोडल प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने सांसद को स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्य अतिथि द्वारा मैदान पर कबूतर छोड़कर औपचारिक रूप से खेल प्रारंभ कराया गया। इस मौके पर सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। आपसी प्रतिस्पर्धाओं से बच्चों में अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है,खेल के माध्यम से बच्चे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं और यही बच्चे भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगे।सांसद ने इस मौके पर विजेता और उपविजेता बच्चों को ट्रैक सूट देने की घोषणा किया।खेल आयोजन में पहुंचे मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद का बीएसए ने स्वागत किया। श्री प्रसाद ने कहा कि बच्चे खेलों में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने विजेता और उपविजेता बच्चों को स्वेटर देने की घोषणा किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी, महामंत्री चंद्रजीत यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष नील मणि त्रिपाठी, महामंत्री चक्रवर्ती सिंह, प्राशिसंघ जिलाध्यक्ष संजय सिंह समेत विभागीय अधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे।

## स्व.राम बुझारत वर्मा किंशुक की पुण्यतिथि पर हुई गोष्ठी

रामरती इंटर कॉलेज द्वारिकागंज सुलतानपुर में स्वर्गीय राम बुझारत वर्मा श्किंशुकश की पुण्यतिथि पर श्अखिल भारतीय साहित्य परिषदश के तत्वावधान में एक गोष्ठी की गई जिसमें गीत गौरव और गीत कुसुम के रचनाकार, श्श्यामचरितमानसश के टीकाकारश शिक्षक और समाजसेवी स्व० राम बुझारत वर्मा श्किंशुकश के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा हुई । कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक भूषण डॉक्टर आद्या प्रसाद सिंह श्प्रदीपश ने किया। मुख्य अतिथि साहित्य भूषण डॉ० सुशील कुमार पांडेय श्साहित्येन्दुश जी रहे। जनपद के वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार मथुरा प्रसाद सिंह श्जटायुश डॉ० ओंकार नाथ द्विवेदी राम सँवार मिश्र आदि ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से मंच का गौरव बढ़ाया। अपना विचार रखते हुए डॉ० ओंकार नाथ द्विवेदी ने कहा कि टीकाकार का महत्व रचनाकार से कम नहीं होता क्योंकि उसी के द्वारा रचना का भावार्थ जन–जन के द्वारा आत्मसात किया जाता है।मथुरा प्रसाद सिंह श्जटायुश ने श्किंशुकश के साथ बिताए हुए पलों की यादें साझा किया। डॉ० सुशील कुमार पांडेय श्साहित्येन्दुश जी अपने वक्तव्य मे स्व० राम बुझारत जी के सुपुत्र श्री सर्वेश कांत वर्मा श्सरलश जी की रचना समेटते हुए बाबूजी को विनम्र श्रद्धांजलि दिया । लोक भूषण डॉ आद्या प्रसाद सिंह श्प्रदीपश जी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे उनकी सहजता और सरलता के बारे में बताया। स्वर्गीय राम बुझारत वर्मा जी के साथ रह चुके लोगों एवं उनके कुछ शिष्यों के द्वारा उनके साथ बिताए हुए पलों की स्मृतियां साझा की गयी ।

**झुग्गी झोपड़ी**

सत्वाधिकार, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार यादव द्वारा रमा प्रिंटिंगप्रेस 53/25/1ए, बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित रहीमाबाद पोस्ट कटहुला गौसपुर जिला प्रयागराज तहसील सदर से प्रकाशित

सम्पादक
संजय कुमार यादव

RNI No.: UPHIN/2015/63182
दूरभष : 0532–2618074
मोबाईल : 9918366626
डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23
e-mail: Jhuggijhopari@gmail.com
Website- www.Jhuggijhopari.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदाई तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा